- खगड़िया संस्करण
- वर्ष: 5
- अंक: 159
- मूल्य ₹ 2.00
- पृष्ठ 06
- Reg: UDYAM-BR-17-0007168

दैनिक **बिहार पत्रिका** सच के साथ

पटना। बुधवार, 23 अक्टूबर 2024 web_dainikbiharpatrika.com Email_ dainikbiharpatrika@gmail.com

संक्षिप्त खबर

बिहार स्कूली बालिका बैंडमिंटन आज से

मुजफ्फरपुर। जिला खेल विभाग के तत्वावधान में बिहार स्कूली बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता मंगलवार को सिकंदरपुर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के वुडेन कोर्ट में होगी। प्रतियोगिता में सूबे के 38 जिलों की शटलर एक-दूसरे से संघर्ष करेंगी। प्रतियोगिता की तैयारी पूरी हो गई है। जिला खेल पदाधिकारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार शाम साढ़े चार बजे डीएम सुब्रतो कुमार सेन और वरीय आरक्षी अधीक्षक राकेश कुमार प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे।

सीएम-राज्यपाल ने अमित शाह को बधाई दी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर शुभकामना देते हुए उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की है। वहीं, राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने केंद्रीय गृह मंत्री को जन्मदिन पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही राज्यपाल ने अमित शाह के स्वस्थ, सुखी, सुदीर्घ एवं उपलब्धिपूर्ण जीवन की कामना की है।

विकसित राज्य बन रहा हैं बिहार : अरविंद

पटना। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि एनडीए राज में बिहार का विकास हो रहा है। मंगलवार को जारी बयान में भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव के शासनकाल में बिहार बीमारू एवं पिछड़ा राज्य बनकर रह गया था। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोग से स्वास्थ्य सुविधाओं में बिहार अव्वल बन रहा है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत आईजीआईएमएस में कैथ लैब की सुविधा बहाल हो गई है।

3654 लीटर जब्त शराब किया गया विनष्ट

खगड़िया। जिले की मानसी पुलिस ने मंगलवार को 3654 लीटर जब्त विदेशी शराब विनष्ट किया। यह शराब विभिन्न ब्रांडों का था। शराब विनष्टीकरण के दौरान सीओ अमीर हुसैन व थानाध्यक्ष शुभम कुमार2पांडेय भी मौजूद थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि दंडाधिकारी की उपस्थिति में जब्त शराब विनष्ट किया गया। जिले की पुलिस लगातार शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर विदेशी शराब को जब्त कर रही है।

खबर एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें:- 9801716267

तेजस्वी यादव पर आय घोटाला का आरोप, जेडीयू ने चुनाव आयोग से कहा- छीन लीजिए विधायिकी

दैनिक बिहार पत्रिका/पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव पर आय घोटाला करने का आरोप लगाया है और चुनाव आयोग से उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग की है। सोमवार को जेडीयू के प्रवक्ताओं ने कहा था कि पांच साल में 89 लाख रुपये कमाने वाले तेजस्वी ने इस दौरान 4 करोड़ रुपये का कर्ज लोगों को दिया है। जेडीयू ने 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी के हलफनामों के आधार पर आरोप लगाया है। बिहार में चार विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान से पहले जेडीयू ने तेजस्वी की आक्रामक घेराबंदी शुरू कर दी है।जेडीयू के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को निर्वाचन आयोग से मिला और विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की विधानसभा सदस्यता खत्म करने की मांग की। पार्टी ने बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 123 (2) के तहत तेजस्वी द्वारा वेतन अथवा आय के घोटाला के मामले में निर्वाचन आयोग कार्रवाई करे। जेडीयू शिष्टमंडल में पूर्व सांसद अनिल हेगड़े, प्रवक्ता नीरज कुमार आदि शामिल थे। चुनाव अधिकारियों से मुलाकात के बाद नीरज कुमार ने कहा कि आयोग ने भरोसा दिया है कि वो तथ्यों की जांच करेगा।जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार, निहोरा यादव और अरविंद निषाद ने पटना में सोमवार को मीडिया से कहा था कि तेजस्वी ने 2015 के विधानसभा चुनाव वाले शपथ पत्र में बताया था कि उनकी सालाना आय 5.60 लाख रुपये है। उस समय उन्होंने 1.13 करोड़ का कर्ज लोगों को दे रखा था। 2020 के शपथ पत्र के मुताबिक उनकी आय 2018-19 में मात्र 1.41 लाख रुपये दिखाई गई है, जो प्रत्येक महीने के हिसाब से 11812 रुपये बनता है।जेडीयू नेताओं ने तेजस्वी यादव से पूछा था कि जब विधायकों का बेसिक वेतन 40 हजार रुपए था तब उन्होंने साल भर में इतनी कम आय कैसे दिखाई। जेडीयू ने तेजस्वी के पांच साल की घोषित आय 89.75 लाख रुपये के मुकाबले इसी समय अवधि में उनके द्वारा लोगों को 4.10 करोड़ रुपये का कर्ज देने पर भी जवाब मांगा था। अभी तक तेजस्वी यादव या आरजेडी की तरफ से जेडीयू के आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दीपावली पर शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान का मिलेगा तोहफा

दैनिक बिहार पत्रिका/भागलपुर

दीपावली के मौके पर जिला शिक्षा विभाग ने शिक्षकों को हर हाल में समय पर वेतन भुगतान कर तोहफा देने का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं अब सिर्फ दीपावली के मौके पर ही नहीं बल्कि हर महीने के अंतिम तारीख को हर हाल में शिक्षकों का वेतन भुगतान कर दिये जाने को लेकर विभाग एक्टिव हो गया है। दरअसल, पिछले दिनों समय पर वेतन भुगतान नहीं किये जाने को लेकर कुछ जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों पर कार्रवाई की गई है, जिसके बाद जिला शिक्षा विभाग भी एक्टिव हो गया है। इस बाबत डीईओ राजकुमार शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से हर हाल में महीने की अंतिम तारीख तक शिक्षकों समेत विभागीय चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक का वेतन भुगतान कर दिया जाएगा।

इसको लेकर स्थापना शाखा समेत सभी विभागों को निर्देश दिया गया है।

इसमें असहयोग करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

राजस्व अधिकारी ने संभाला पदभार

दैनिक बिहार पत्रिका / समस्तीपुर

विद्यापतिनगर। अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। खास बात यह है कि विद्यापतिनगर अंचल में राजस्व अधिकारी के स्थानांतरण के बाद लम्बे अरसे से राजस्व अधिकारी व अंचलाधिकारी का पद रिक्त था। फिलहाल मोहिउद्दीन नगर के अंचलाधिकारी के पास सीओ का प्रभाव है। राजस्व अधिकारी के रूप में श्री शर्मा ने अंचल कार्यालय में योगदान दिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत अंचल कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक कर पत्रकारों को बताया कि दाखिल खारिज, राजस्व प्राप्ति व अतिक्रमण सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई है। अंचल क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर नाजिर रामबाबू राम, बड़ा बाबू नथुनी राम, सीआई कुमार गौरव, राजस्व कर्मचारी चंदन कुमार, अभिमन्यु कुमार, राकेश कुमार, डाटा आपरेटर कुंदन कुमार समेत राजस्व व अंचल कर्मी आदि मौजूद थें।

102 एंबुलेंस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए

दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय कुमार

वैशाली | बकाया वेतन की मांग को लेकर सोमवार से वैशाली जिला के सभी 102 एम्बुलेंस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बिहार चिकित्सा कर्मचारी संघ के बैनर तले हड़ताल पर गए एम्बुलेंस कर्मियों ने सदर अस्पताल हाजीपुर परिसर में बैठक की। बैठक में जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि जुलाई से अबतक का एम्बुलेंस के चालक एवं ईएमटी को वेतन नहीं दिया गया हैं।पुराने एम्बुलेंस संचालन एजेंसी के द्वारा भुगतान नहीं किया गया हैं।लेकिन एम्बुलेंस संचालन के लिए नए चयनित एजेंसी को एम्बुलेंस सौंपने की कार्रवाई हो रही हैं।इस परिस्थिति में एम्बुलेंस कर्मियों के बकाया वेतन का भुगतान कौन करेगा,स्वास्थ्य विभाग की ओर से निर्णय नहीं लिया गया हैं। एम्बुलेंस कर्मियों ने वेतन भुगतान और समायोजन होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने की चेतावनी दी हैं।

बनियापुर में दो घण्टे के अंदर लूट कांड का खुलासा, छह अपराधी गिरफ्तार

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

बनियापुर थाना पुलिस ने दो घंटे के अंदर लूट कांड का खुलासा किया। एसपी डॉ0 कुमार आशीष ने बताया कि बनियापुर थाना को सूचना मिली थी कि गौरा थाना क्षेत्र के हतिसार के रहने वाले मुन्ना कुमार ड्यूटी से जा रहे थे तभी मुस्लिमपुर प्राइमरी स्कूल के समीप दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने हथियार के बल पर बाइक व मोबाइल लूट लिए। जैसे ही उन्होंने इसकी सूचना थाना को दी कि बनियापुर थानाध्यक्ष ने टीम गठित कर छापेमारी शुरू कर दी। लूट की बाइक व लूट में प्रयुक्त अपराधियों की बाइक को भी पुलिस टीम ने जब्त करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने

बताया कि दो घंटे के अंदर सभी पकड़े गए। पकड़े गए अपराधियों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव का रहने वाला विशाल कुमार, बनियापुर थाना क्षेत्र के लौवा कला गांव के अर्जुन कुमार, छतवा खुर्द गांव के राजन कुमार, जनता बाजार थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव के विक्की कुमार, लौवा कला गांव के नीतीश कुमार व बनियापुर मझौली के मोहम्मद इमरान शामिल हैं। इन अपराधियों के पास से पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल ,सात मोबाइल व चाकू जब्त किया है। छापेमारी दल में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार झा व अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

जिले के कई थाना क्षेत्रों व सीवान जिले में भी इनके खिलाफ आपराधिक मामले में दर्ज हैं।

आगजनी: झरवाड़गढ़ में हुई आगजनी की घटना में दो परिवार के दो घर समेत 4 लाख की संपत्ति खाक

सुपौल।सोनू कुमार भगत

छातापुर प्रखंड के झखाड़गढ़ पंचायत वार्ड 3 में मंगलवार को अचानक लगी आग में दो परिवार के दो घर समेत लगभग 4 लाख की संपत्ति खाख हो गई। आगजनी की घटना में मो. नजामुद्दीन और मो. सलीम के घर जले है। बताया जाता है मंगलवार को शाम के साढ़े तीन बजे मो. नजामुद्दीन के घर अचानक आग लग गई। जब तक स्थानीय लोग आग बुझाने में जुटे तब तक आग पड़ोस के मो. सलीम के घर को पूरी तरह से अपने आगोस में ले लिया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद लगभग 21 मिनट के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दो परिवार के घर समेत घरेलू सामान जलकर राख हो गया। वही

एक पीड़ित परिवार मो. सलीम की होंडा साइन बाइक भी जल गई। मिली जानकारी अनुसार आगजनी की घटना के समय पीड़ित परिवार के सभी पारिवारिक सदस्य गांव में स्थित अपने रिश्तेदार के यहां दूसरे टोला में गया हुआ था। इधर, उनके घर आगजनी की घटना घटित हो गई। ग्रामीणों द्वारा दमकल के लिए छातापुर थाना को फोन किया। लेकिन थाने के दमकल के खराब होने की वजह से भीमपुर थाने से दमकल आने की बात कही। दमकल के पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था। पीड़ित परिवार की महिलाए प्रमिना खातून समेत अन्य आगजनी की घटना के बाद रोते बिलखते देखी गई। अनलोगो को कहना था की आगजनी की घटना में उनके घर के अनाज, वस्त्र समेत सभी आवश्यक समान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी थाना और अंचल कार्यालय को दी गई है।

इस बाबत सीओ राकेश कुमार ने बताया की घटना की जानकारी मिली है राजस्व कर्मचारी को घटना स्थल पर भेजकर क्षति का आकलन करवाया जायेगा।

बिहार साइबर सुरक्षा और संरक्षण जागरूकता सप्ताह (21-25 अक्टूबर) को लेकर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय कुमार

वैशाली| बिहार साइबर सुरक्षा और संरक्षण जागरूकता सप्ताह (21-25 अक्टूबर) को लेकर मंगलवार को साइबर थाना वैशाली के द्वारा थाना परिसर में जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें स्थानीय लोग, स्कूली बच्चे आदि मौजूद थे । कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को साइबर जागरुकता संबंधित पैंफलेट का वितरण किया गया एवं साइबर डीएसपी सह थानाअध्यक्ष चांदनी सुमन के द्वारा आजकल हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड की जानकारी, उनसे बचाव एवं फ्रॉड हो जाने पर तुरंत 1930 डायल करने की जानकारी दी गई।

इन्व्हीर क्लब के द्वारा किया गया जंक सेल का आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका/ धीरज

गया। इनरव्हील क्लब के द्वारा किया गया| जंक सेल हर साल की भाँती क्लब ने इस साल भी जंक सेल किया गया है। इस वर्ष ये कार्यक्रम दो दिन किया गया है।। पी डी सी रितु डॉलमिया के सहयोग से न्यू तथा पुराने कपड़े, जूते चप्पल खिलौने साड़ियां इत्यादि को बीस से पचास रुपये में बेचा गया है । इस कार्य में क्लब की से पी डी सी अंजना पोद्दार पी पी सीमा भदानी लीना गुप्ता , नेहा सिंह ने हिस्सा लिया है।क्लब की प्रेसिडेंट तृप्ति गुप्ता ने बताया कि जंक सेल से जमा हुए पैसे को सामाजिक कार्य में लगाया जायेगा।

माइक्रो फाइनान्स कंपनी के एजेंट से दिन दहाडे 2.12 लाख की लूट, पीड़ित ने ऐसे बयां किया अपना दर्द

सीमा विवाद के पेंच में देर शाम तक दर्ज नहीं हो सकी प्राथमिकी

बाईक सवार तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बाराहाट/बांका:- माइक्रो फाइनान्स कंपनी के एक एजेंट से सोमवार को नकाबपोश हथियारबंद बदमाशों ने दिन-दहाडे दो लाख 12 हजार की लूट कर ली। मिली जानकारी के अनुसार बांका शहर के कैश मनी सर्विस लिमिटेड माइक्रो फाइनान्स कंपनी के एजेंट बांका थाना क्षेत्र के शीतलपुर गांव निवासी चंदन सिंह पुनसिया एलआईसी से दो लाख 12 हजार 14 रुपये लेकर अपनी बाईक से वापस बांका जा रहा था। जहां रास्ते में ही बाराहाट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर हाई स्कूल के करीब बाईक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाश उसका पीछा करने लगे। जिससे वो मसूदनपुर एलपीजी गैस बॉटलिंग प्लांट के पास आकर रुक गया। जिसके बाद बदमाश वापस लौट गये। इसके बाद एजेंट तेजी से पुनसिया बाजार की ओर जाने लगा। इसी बीच बाराहाट-रजौन थाना क्षेत्र की सीमा पर नकाबपोश बदमाशों ने हथियार का भय दिखा कर दिन के करीब 11:30 बजे उससे दो लाख 12 हजार 14 रुपये एवं उसके स्मार्ट फोन को लूट कर फरार हो गया। लूट के शिकार एजेंट घटना की जानकारी देने रजौन थाना पहुंचे। जहां रजौन थाने की पुलिस ने जीपीएस ट्रैकर के जरिये उसकी तस्वीर ले ली और उसे दोपहर 12 बजे से शाम छह बजे तक बैठाये रखा। इसके बाद उसे ये कह कर बाराहाट थाना पहुंचा दिया कि ये मामला बाराहाट थाने का है। इसकी जानकारी बाराहाट थानाध्यक्ष को दे दी गई है, जहां उसकी प्राथमिकी दर्ज कर ली जायेगी। लेकिन जब पीडित बाराहाट थाना पहुंचा तो थानाध्यक्ष दीपक पासवान ने रजौन थाने की ओर से उन्हें किसी भी तरह की कोई सूचना नहीं दिये जाने की बात कही। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए बाराहाट थानाध्यक्ष पीडित को लेकर तहकीकात करने घटना स्थल पर पहुंचे। लेकिन थाना क्षेत्र की सीमा विवाद के पेंच में फंसे रहने से पीडित की प्राथमिकी देर शाम तक दर्ज नहीं की जा सकी। जबकि नये नियम के मुताबिक किसी भी घटना की प्राथमिकी किसी भी थाने में दर्ज कराई जा सकती है। इसके बाद लोकेशन के मुताबिक मामले को संबंधित थाने में फॉर्वड कर दिया जाता है। लेकिन रजौन पुलिस ने नियम को ताक पर रख ना तो पीडित का बयान दर्ज किया और न ही उसकी प्राथमिकी ही दर्ज की। इस संबंध में बाराहाट थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई भी जानकारी रजौन थाने की ओर से नहीं दी गई थी। हालांकि, पीडित के थाना पहुंचने पर वे मामले की गंभीरता को देखते हुए पीडित के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच की है।

जिले के दो खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड मेडल व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल में हुआ चयन

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका: ओपन नेशनल आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 जो लखनऊ में 18 से 20 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। जिसमें बिहार टीम ऑल ओवर दूसरी स्थान पे रही जिसमें बिहार टीम को कुल 13 गोल्ड मेडल सहित 3 सिल्वर और 1 ब्रांच मेडल प्राप्त हुए. जिसमें भागलपुर, बांका व अन्य जिला से खिलाड़ी ने भाग लिया. वहीं बांका के विभीषण पंजीयारा -56kg भार में और रीतिकेश सिंह -86 किलो ग्राम भार में सीनियर केटेगरी में खेल कर बांका जिला का नाम रोशन किया। वहीं टीम कोच हेमंत लाल ने बताया गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने काठमांडू नेपाल जायेंगे। गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ी आशुतोष कुमार विभीषण पंजीयारा, कोहिनूर कुमार सिंह, प्रज्ञा कुमारी,कल्याणी कुमारी,सादिया फिरदौस,साकेत कुमार, रितिकेश कुमार सिंह व अन्य को उत्तर प्रदेश के पूर्व खेल मंत्री श्री ओ पी सिंह जी ने बधाई देते हुए खिलाड़ीयो को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पे अच्छा प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दिए और बांका आने के बाद बांका चेयरमैन अनिल सिंह , और उनके सभी साथी मो0 फारुक, आर्मी चंदन कापरी ,मास्टर् पप्पु यादव , राहुल देवा ,राजीव रंजन नन्दलाल कुमार ,विकास कापरी , गोलू कुमार, राजेश यादव एवम अन्य ने बधाई दी।

जिला टास्क फोर्स की बैंठक की गयी आयोजित,दिए गए आवश्यक निर्देश

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- जिला पदाधिकारी बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय के मिनी सभागार में आयोजित किया गया। बैठक में आगामी खरीफ फसल 2024-25 में धान खरीदने हेतु अग्रिम तैयारी की समीक्षा की गयी। जिसमें मिल का सत्यापन , मिल रजिस्ट्रेशन, पैक्स का चयन पैक्स को कैश क्रेडिट देना और अधिक से अधिक किसानो का इसका लाभ देंने हेतु विचार किया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी को आदेश दिया गया कि 25 तक सभी किसानों का निबंधन कराया जाए। सभी मिल का निबंधन और सत्यापन 31 तक पूरा करने हेतु डी एम एस एफ सी को निर्देश दिया गया।

पुलिस ने विभिन्न जगहों से अवैध चुलाई शराब की बरामद,मोटरसाईकिल जप्त

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- बाँका थानान्तर्गत भोलकी बांध के पास से प्र0 स0 अ0 नि0 म0 नि0, कुमार गौरव के नेतृत्व में अभियुक्त रामविलास यादव उर्फ रामविलास मरीक, पे0-सीताराम मरीक, सा0-कल्होड़ी, थाना-बाँका, जिला-बाँका, उम्र 47 वर्ष को एक वाहन टी0वी0एस0 मोटरसाईकिल के साथ अवैध चुलाई शराब की कुल मात्रा 20.000 लीटर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर बाराहाट थानान्तर्गत भूरना चौक के पास से प्र0 स0 अ0 नि0 म0 नि0, शिल्पी प्रजापति के नेतृत्व में अभियुक्तों अभिषेक कुमार (चालक), पिता-डब्लु पासवान, घर-जगतपुर, थाना व जिला-बाँका, उम्र 22 वर्ष एवं अनुराग कुमार, पिता-रणवीर यादव, घर आश्रमनगर, थाना व जिला बाँका, उम्र-19 वर्ष को एक वाहन बजाज पल्सर मोटरसाईकिल के साथ अवैध चुलाई शराब की कुल मात्रा 12.000 लीटर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। साथ ही शराब सेवन के आरोप में कुल 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय, बाँका के समक्ष पेश किया गया। जहाँ से वे जुर्माना देकर मुक्त किए गए।

लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर छठ घाटों का किया जा रहा सफाई और निरीक्षण

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका:- छठ बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू त्योहार है। लगभग सभी सभ्यताओं में 'सूर्य देवता' की पूजा का एक पर्व है, लेकिन बिहार में इसका एक अनूठा रुप है। छठ पर्व एकमात्र ऐसा अवसर है जहां उगते सूर्य के साथ-साथ अस्त होते हुए सूर्य की भी पूजा की जाती है। प्रकाश, जीवन शक्ति और ऊर्जा के देवता भगवान सूर्य की उपासना, मानव जीवन की समृद्धि, जन कल्याण, आरोग्य, विकास को बढ़ावा देने के लिए की जाती है। भक्त भगवान सूर्य के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और चार दिनों के लिए महत्वपूर्ण अनुष्ठान करते हैं। इस त्योहार के दौरान व्रत रखने वाले लोगों को व्रती कहा जाता है। इस पर्व में लोगों की अटूट आस्था भगवान सूर्य के प्रति देखने को मिलती है। इस पर्व को देखने और करने के लिए लोग दूर दूर से आते है। यह पर्व बिहार की संस्कृति का गौरव है।छठ महापर्व को लेकर जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर कटोरिया नगर पंचायत स्थित छठ घाटों में बड़का बांध घाट , कलुआ घाट, राजवाड़ा घाट की सफाई और निरीक्षण कार्य किया जा रहा है।

मधुमक्खी के हमले से डॉ शशिकांत सहित पांच लोग घायल, दो कि हालत गंभीर

दैनिक बिहार पत्रिका/उमाकांत साह

चांदन/बांका:- प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन में मधुमक्खी के हमले से एक चिकित्सक सहित पांच लोग जख्मी हो गए। जानकारी के अनुसार बिरनियां पंचायत के कदरसा गांव के किसुन दास उम्र करीब 60 वर्ष पिता स्वर्गीय रोहित दास इलाज कराने सीएचसी चांदन आ रहा था इसी दौरान अस्पताल से कुछ दूर ब्लॉक के समीप पहुंचते ही अदृश्य मधुमक्खी के झुंड ने हमला कर दिया।जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनके चील्लाले की आवाज सुनकर बचाने दौड़े अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर शशिकांत और भव्या के डाटा ऑपरेटर सोम सिंह ने पीपीई कीट पहनकर जख्मी वृद्ध को किसी तरह बचाकर सीएचसी इलाज हेतु लाया।बचाने के दौरान डॉ शशिकांत, सीएचसी डाटा ऑपरेटर सोम सिंह, मदन कुमार, सीएचसी गार्ड रंजीत यादव,प्रकाश कुमार पासवान एवं स्वास्थ्य कर्मी नीतीश कुमार उर्फ फंटूश कुमार व चांदन पंचायत के पंचायत सेवक मनोज कुमार जख्मी हो गए।सभी जख्मियों को खुद जख्मी हुए डॉ शशिकांत एवं डॉ आशिफ इकबाल ने इलाज किया। गंभीर रुप से जख्मी किसुन दास को प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल देवघर रेफर कर दिया।अस्पताल में मौजूद अन्य रोगी एवं कर्मी को मधुमक्खी के हमले से बचाने के लिए डॉ ने कई जगह आग लगाकर धुआं कर मधुमक्खी की झुंड को भगाया गया।

धोरैंया सी०एच०सी० में यू डी आई डी कार्ड वितरण शिविर का किया गया आयोजन

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

धोरैया/बांका:- अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना का के पत्र के आलोक में राज्य के प्रत्येक दिव्यांगजनो को विशिष्ट पहचान पत्र" यू डी आई डी कार्ड प्रदान करने के उद्देश्य से यू डी आई डी परियोजना का कार्यान्वयन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रांलय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसका संचालन बिहार राज्य में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। यह

केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ को लाभ प्राप्त करने हेतु यू डी आई डी कार्ड एकल दस्तावेज के रूप में मान्य हैं।

विदित है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओ को लाभ प्राप्त करने हेतु यू डी आई डी कार्ड एकल दस्तावेज के रुप में मान्य है। दिव्यांगजनों का यू डी आई डी कार्ड का निर्माण हेतु सतत / निरंतर प्रक्रिया एवं अभियान के अतिरिक्त समय-समय पर विशेष शिविर लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसकी शुरूआत 17 अक्टूबर 2024 से 30 अक्टूबर 2024 के एक स्लॉट में किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रखंड धोरैया के सी0एच0सी0 में शिविर का आयोजन किया किया गया जिसमें कुल 88 आवेदन शिविर में एवं 12 आवेदन ऑफलाइन प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार कुल 100 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 18 आवेदकों का पंजीकरण हुआ एवं 3 का ऑनलाईन सर्टिफिकेट निर्गत हुआ।

एक नज़र इधर भी

पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़ी भक्तों की भीड़

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

अमनौर प्रखंड के सराय बक्स में श्रीधर बाबा के मठिया पर चल रही विराट विष्णु महायज्ञ में मंगलवार को पंचमुखी हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा संत श्रीधर दास जी महाराज द्वारा संपन्न कराई गई। आचार्य श्याम सुंदर पाण्डेय और आचार्य राजीव पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कराया गया। यजमान विनोद राय,पंकज राय तथा प्रेम राय ने विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा की प्रक्रिया पूरी की। यज्ञ के यजमान मुखिया मदन सिंह, रवि सिंह, रंजीत सिंह, वार्ड सदस्य लाल साह दशरथ राय, सुनील राय, जितेन्द्र सिंह सहित अन्य सभी ग्रामीण उपस्थित थे। यज्ञ में प्रतिदिन पूजन, परिक्रमा, यज्ञकर्ता संत श्रीधर बाबा के दर्शन, प्रवचन, रासलीला में काफी भीड़ उमड़ रही हैं। गुरुदेव श्रीधर बाबा ने कहा कि बजरंगबली कलयुग के साक्षात देवता है और पंचमुखी हनुमान जी सभी की सुख, समृद्धि,सद्बुद्धि, स्वास्थ्य, संपत्ति प्रदान करने वाले है। हनुमान को भक्त जैसे ही याद करता है , उसकी सभी मनोरथ पूर्ण करते है।

तरारी विधानसभा में जनसुराज के पक्ष में मतदान करने की अपील

दैनिक बिहार पत्रिका/आरा

जन सुराज की सरकार बनेगी तभी होगा बिहार का सर्वांगीण विकास उक्त बातें तरारी विधानसभा अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों में जनसभा को संबोधित करते हुए जिला संयोजक प्रियरंजन युवराज ने कही। युवराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जन सुराज के उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील लोगों से की । उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव में जीतने वाले उम्मीदवार का कार्यकाल दस महीने का होंगा। आपने सभी कों मौका दिया है आप एक बार बिहार में बदलाव के लिए जन सुराज के उम्मीदवार कों वोट दीजिए। अगर जन सुराज का विधायक काम नहीं करेगा तों आप आने वाले बिहार विधान सभा के आम चुनाव में किसी उम्मीदवार कों वोट नहीं कीजिएगा। इस अवसर पर भारतीय सेना के पूर्व उप प्रमुख श्रवण कुमार सिंह, रिटायर्ड आई.पी.एस. अधिकारी आनन्द मिश्रा,किरण सिंह, जिला पार्षद घनश्याम राय,अशोक सिंह,मुन्ना भवानी, रामपूकार मेहता,बच्चा राय,ललित तिवारी, राहुल सिंह,खुर्शीद नैयर,संतोष सिंह चंदन कुमार सिंह,नवल यादव,नीरज तिवारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

पांच दिवसीय कार्यशाला में शामिल हुई शिक्षिका अंजलि

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा सांस्कृतिक स्रोत व प्रशिक्षण केंद्र हैदराबाद में विद्यालय शिक्षा में संग्रहालय की भूमिका विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 12 राज्यों से पहुंचे 67 नामित शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में शामिल होने के लिए बिहार के विभिन्न जिलों के 10 शिक्षकों को नामित किया गया था जिसमें से 6 शिक्षक कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में सारण का प्रतिनिधित्व दिघवारा अंचल के मध्य विद्यालय निजामचक की शिक्षिका अंजलि कुमारी ने किया। कार्यशाला में शामिल शिक्षिका अंजली कुमारी ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यशाला का हर सत्र काफी ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली रहा। इसमें पहुंचे 12 राज्यों से पहुंचे शिक्षक शिक्षिकाओं से मिलने एवं उनके विचारों को जानने का अवसर मिला। विभिन्न राज्यों की संस्कृति आहार व्यवहार, पहनावा, रीति रिवाजों को भी करीब से जानने का मौका मिला। कार्यशाला के दौरान भारतीय संस्कृति पर शैक्षिक कार्यक्रम, विद्यालयी पाठ्यक्रम में शिल्प कला के व्यावहारिक ज्ञान को समाहित करने, प्राकृतिक व सांस्कृतिक विरासत के लिए संरक्षण के प्रति जागृति उत्पन्न करने आदि कई विषयों को लेकर शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। शैक्षिक सांस्कृतिक सॉफ्टवेयर को तैयार करने के तरीकों के बारे में भी विस्तार से बतलाया गया।

इंटरमीडिएट एवं माध्यमिक वार्षिक परीक्षा 2025 के परीक्षा केन्द्र के चयन समिति की बैठक आयोजित,दिए गए कई निर्देश

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन



बांका:- इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 के परीक्षा केन्द्र के चयन समिति की बैठक जिला पदाधिकारी बांका अंशुल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय के मिनी सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला स्तर पर गठित परीक्षा केन्द्र चयन समिति की बैठक में जिला पदाधिकारी बांका के द्वारा वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 एवं इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 के परीक्षा में सम्मलित हुए परीक्षार्थियों की कोडवार, विद्यालयवार, छात्र/छात्रावार, संकायवार संख्यात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। परीक्षा केन्द्र बनाने के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 एवं इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 में जिस परीक्षा केन्द्र से विद्यालय का सम्बद्ध किया गया था उसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 एवं इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 के परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण जिला मुख्यालय स्तर के साथ-साथ अनुमंडल स्तर पर किया जाना है परन्तु कदाचार के रोकने के उद्देश से छात्रों का परीक्षा केन्द्र अनुमंडल स्तर पर किया गया है तथा छात्राओं का परीक्षा केन्द्र गृह प्रखंड के बगल में करने का निदेश दिया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 एवं इन्टमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 के किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर कदाचार हुआ है अथवा नहीं इससे संबंधित प्रतिवदेन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

परीक्षा केन्द्रों पर आवसन क्षमता इस आधार पर निर्धारित की जाय कि प्रत्येक बेंच पर अधिकतम दो परीक्षार्थियों को बैठाने की व्यवस्था हो। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक / वरीय शिक्षक को ही केन्द्राधीक्षक नियुक्त किया जाय। बांका जिला एक अनुमंडलीय जिला रहने के कारण विधि व्यवस्था को ध्यान रखते हुए परीक्षा केन्दो का निर्धारण जिला मुख्यालय के विद्यालय / महाविद्यालय एवं आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालय के नजदीक के प्रखंड के विद्यालयों / महाविद्यालयो में ही परीक्षा केन्द्र निर्धारित करने का निर्णय लिया गया । जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई की विगत वर्ष वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 20936 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा हेतु कुल 32628 संख्या थी जबकि इस वार इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 में सम्मिलित होने वाले कुल परीक्षार्थियों की संख्या 23850 एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 हेतु परीक्षार्थियों की संख्या 35918 है। जिला शिक्षा पदाधिकारी बांका द्वारा संज्ञान में लाया गया कि जिला अनतर्गत कुल 35 परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित किया गया है

जिसमें 28 केन्द्र पर चाहरदिवारी है 7 केन्द्र पर आंशिक चाहरदिवारी है तथा शेष सभी विद्यालय / महाविद्यालय में चाहरदिवारी है। निर्धारित केन्द्र के प्राचार्य से प्राप्त सहमति के उपरांत ही परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया गया है। परीक्षा में एक बेंच पर दो ही परीक्षार्थियों को बैठने एवं छोटे पर एक परीक्षार्थियों की बैठन की व्यवस्था की गई है।

इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 में कुल 30 परीक्षा केन्द्र एवं वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 में कुल 35 निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर उपस्कर की आवश्यकता होती है तो नजदीक के विद्यालय से उपलब्ध कराने का जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा निदेश दिया गया।

घर के पास से डाला सहित ट्रैक्टर की हुई चोरी, पीड़ित ने थाने में दिया आवेदन

दैनिक बिहार पत्रिका/ कामेश्वर साह

फुल्लीडुमर/बांका:- सोमवार की देर रात फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के फुल्लीडुमर बाजार निवासी प्रीतम कुमार साह पिता लखन लाल साह के लाल रंग के डाला सहित ट्रैक्टर की चोरी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। वही इस संबंध में पीड़ित ट्रैक्टर मालिक प्रीतम कुमार साह ने बताया कि सोमवार को वह अपना डाला सहित ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन नंबर बी आर 10 जी 7653 अपने घर के पास खड़ा कर रात में घर में सोए हुए थे। मंगलवार की सुबह जब उठा तो उन्होंने देखा कि जहां उन्होंने अपना ट्रैक्टर खड़ा किया था वहां उनका ट्रैक्टर नहीं है। अज्ञात चोरों द्वारा रात में उनके डाला सहित ट्रैक्टर की चोरी कर ली गई । काफी खोजबीन के बाद जब ट्रैक्टर का कोई आता पता नहीं चला तो थक हार कर पिड़ित ने फुल्लीडुमर थाने में आवेदन देकर आज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चोरी गए ट्रैक्टर की बरामदगी हेतु पुलिस से गुहार लगाई है। वहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

सड़क दुर्घटनाओं से निपटने के लिए उचित कदम उठाए सरकार लगातार हादसे बेहद चिंताजनक हैं : जवाहर कुमार झा

दैनिक बिहार पत्रिका/कुमार चंदन

बांका: जिले के रजौन थाना क्षेत्र के मोहनपुर गांव में लगातार सड़क हादसे ने कई परिवारों की ख़ुशियाँ छीन ली है। कुछ ही महीनों में कई लोग अपनी जान गवां बैठे हैं। अभी कुछ दिन पहले ही मोहनपुर निवासी युगल यादव की पत्नी टूमा देवी की मौत सड़क हादसे में हो गई थी। मंगलवार को जवाहर झा ने मृतिका के परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ खड़ा हूँ। जवाहर झा ने मोहनपुर में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को लेकर कहा कि यह बेहद चिंताजनक विषय है। तेज रफ्तार में आते वाहन मोहनपुर वासियों को अपनी चपेट में ले रहे हैं। फिर भी जिला प्रसाशन और स्थानीय जनप्रतिनिधि मुकदर्शक बन बैठे हैं। इस दिशा में उचित कदम उठाने की जरुरत है। जनसमस्याओं का समाधान जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य होना चाहिए। जवाहर झा ने कहा कि यह सड़क बेहद महत्पूर्ण है। आए दिन बाबा धाम जा रहे कांवरियों को भी इसका शिकार होना पड़ता है। ऐसे दुर्घटनाओं को कम करने के लिए आवश्यक पहल किए जाने चाहिए। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्षेत्र में सड़कों एवं चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी सुझाव दिया है।

वैंशाली: मुख्य सचिव द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया समीक्षा बैंठक

दैनिक बिहार पत्रिका/मृत्युंजय कुमार

वैशाली| मुख्य सचिव के अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन, गृह , सूचना एवं जन सम्पर्क , वाणिज्य कर, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन,परिवहन, राजस्व एवं भूमि सुधार, वित्त, खान एवं भूतत्व, विज्ञान तकनीकी शिक्षा खेल कला एवं संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक VC के माध्यम से जिसमें जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा सहित सभी संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों ने भाग लिए ।मुख्य सचिव महोदय ने निदेश दिया कि 1 नवंबर से धान अधिप्राप्ति का प्रारंभ होना है। सभी किसान अपना पंजीकरण संबंधित पोर्टल पर करा लें ताकि उनके धान को पैक्स द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिप्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। कृषि विभाग के पत्र संख्या 4501 दिनांक 09.10.2024 के मार्गदर्शिका के आलोक में वर्ष 2024-25 के लिए अधिप्राप्ति करेंगे। अनावश्यक विलंब और अनियमितता करने वाले डिफाल्टर मिलर का सिलेक्शन नहीं करेंगे। पंचायत स्तर पर पैक्स तथा प्रखंड स्तर पर व्यापार मंडल को धान दे सकते हैं। जिला टास्क फोर्स की मीटिंग जल्द से जल्द करा लें। रैयती के लिए 250 क्विंटल तथा गैर रैयती के लिए 100 क्विंटल अधिकतम धन प्राप्ति की जा सकेगी।धान अभिप्राप्ति के गुणवत्ता पर भी ध्यान रखना है। समस्त प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष तथा किसान के हित में होनी चाहिए। प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी भौतिक सत्यापन करके पोर्टल पर ओके करेंगे तो ओके करने के 48 घंटे के अंदर पीएमएस के माध्यम से किसानों के खाते में राशि चली जाएगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कार्यों की समीक्षा के क्रम में मुख्य सचिव महोदय के द्वारा कहा गया कि सभी पंचायत के तीन स्थानों का चयन करें जहां सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा सके। कुछ स्थानों पर कुछ कार्यालय के टेस्टिमोनियल और सक्सेस स्टोरी को भी दर्शाया जा सकता है । प्री जीएसटी के सर्टिफिकेट केसों का निष्पादन यथाशीघ्र करें क्योंकि यह मामला 1987 से 2017 के बीच का है। गृह विभाग द्वारा भू समाधान पोर्टल तथा कब्रिस्तान की घेराबंदी, मंदिर चार दिवारी के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। मोबाइल एन ओ आर आई के आवेदन को भी निष्पादित करने का आदेश दिया गया। बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुई फसल का मुआवजा किसानों को दिवाली से पहले देने का निदेश दिया गया। इसके लिए मिशन मोड में जांच करके अनुमोदन दें। जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा के द्वारा सभी लंबित कार्यों को यथाशीघ्र एवं स्वास्थ्य में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा सहित सभी संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारियों ने भाग लिए ।

बाइक को मारी ठोकर, दो जख्मी

खगड़िया। जिले के गढ़मोहिनी ढाला के निकट सोमवार की देर रात अज्ञात वाहन के ठोकर से बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रुप से जख्मी हो गए। जख्मी युवक की पहचान गोलमा पिपरा के रहने वाले मुकेश तांती व सलिदाबाद नवटोलिया के देवेंद्र तांती के रुप में की गई है।

प्रभारी एचएम ने सहायक शिक्षक पर अभद्र व्यवहार करने की किया शिकायत

सुपौल।सोनू कुमार भगत

छातापुर प्रखंड क्षेत्र स्थित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय लालगंज तिलाठी की प्रभारी एचएम रश्मि कुमारी ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में एचएम ने सहायक शिक्षक महेश कुमार कुसियैत पर अभद्र व्यवहार करने, विद्यालय संचालन में बाधा पहूंचना तथा कई प्रकार की धमकी देने का आरोप लगाया है। साथ ही मामले की जांच कर सहायक शिक्षक पर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है। सुपौल के वीणा निवासी एचएम ने आवेदन में बताया है कि वरियता के आधार पर उन्हे 31 जुलाई 23 को एचएम का प्रभार मिला था। तब से लेकर वह विद्यालय का संचालन विभागीय आदेश के मुताबिक करने का प्रयास कर रही हूं। परंतु प्रभार मिलने के बाद से ही सहायक शिक्षक महेश कुमार कुसियैत उन्हे विभिन्न प्रकार से पडेशान कर रहे हैं। बीईओ को लिखित शिकायत के बावजूद उसके व्यवहार में बदलाव नहीं आया है। सहायक शिक्षक बार बार उन्हे एचएम पद से हटने तथा उन्हे प्रभार दिलाने की धमकी दे रहे हैं। अन्यथा की स्थिती में संगीन घटना करने की चेतावनी भी दी जा रही है। वह शैक्षणिक कार्य में रुचि नहीं लेते और मनमाने ढंग से विद्यालय आते जाते रहते हैं। टोकने पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर मारपीट पर उतारु हो जाते हैं। कक्षा पांच के वर्ग शिक्षक श्री कुसियैत 16 अक्टूबर को अपने वर्ग से गायब थे। नतीजा हुआ कि वर्ग पांच एवं सात के छात्रों ने आपस में बिवाद कर लिया। मौके पर वह पहूंची और बीच बचाव कर बिवाद को खत्म कराया, जिसमे वह जख्मी भी हो गई। फिर श्री कुसियैत ने उन्हे नीचा दिखाने के लिए अभिभावकों को भड़काकर बिवाद को बढाने की कोशिश की। एचएम ने बताया है कि यैसी स्थिती बनी रही तो वे विद्यालय में किसी बडी घटना को अंजाम दे व दिलवा सकते हैं। जिसके कारण वह भय के साये में अपने कर्तव्य का निर्वहन करने को मजबूर हैं। इस संदर्भ में सहायक थानाध्यक्ष मो. साहिद ने पुछने पर बताया कि आवेदन उनके संज्ञान में नहीं है। हो सकता है कि उनको प्रभार मिलने से पूर्व ही दिया गया हो।

बेलागंज की जनता इस बार मनोरमा देवी के हाथों को करेगी मजबूत: अरुण

दैनिक बिहार पत्रिका/धीरज गुप्ता

गया। मंगलवार को शहर के एक निजी होटल में जदयू के प्रदेश प्रवक्ता और बेलागंज विधानसभा के प्रभारी अरुण कुशवाहा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी घटक दलों के जिला अध्यक्षों के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जदयू प्रत्याशी मनोरमा देवी के हाथों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी पार्टी के नेता एकजुट होकर जदयू प्रत्याशी के लिए कार्य करेंगे। लगातार 34 वर्षों से एक ही व्यक्ति के हाथों में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र रहने से भ्रष्टाचार और अराजकता चरम सीमा पर रही है। बेलागंज की जनता इन सबसे उब चुकी है। अब बेलागंज में परिवर्तन का समय आ गया है। इस चुनाव को पार्टी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है। राजद के कुनबे को उखाड़ फेंकने के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा। भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह ने कहा कि यही समय है सही समय है के तर्ज पर बेलागंज में 34 वर्षों से राष्ट्रीय जनता दल के आतंक राज्य को समाप्त करने का। इसके लिए हम सभी नेताओं को आपस में मिलजुल कर पार्टी के पक्ष में कार्य करना है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बेलागंज की जनता में इस बार परिवर्तन की लहर है। रिकॉर्ड मतों से मनोरमा देवी की जीत होगी। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के वरिष्ठ नेता रोमित कुमार ने बताया कि बेलागंज की जनता को पहली बार मौका मिला है कि मनोरमा देवी जुझारू और कर्मठ महिला है।पूरे जनता में उत्साह की लहर है। इस बार बेलागंज में कुछ नया होने वाला है। लोक मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजीव प्रकाश उर्फ बंटी कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के मकड़जाल में फंसकर लगभग 34 वर्षों तक लोगों को ठगने का काम किया गया है। अब जनता राजद के क्रियाकलापों को जान चुकी है। आने वाले 13 नवंबर को इसका इंसाफ वोट के द्वारा करेगी। प्रेस वार्ता में लोजपा के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह, जद (यू)के जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल, धनंजय शर्मा, मुकेश चौधरी, रफी अहमद खां जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश उर्फ चिंटू सिंह, लोजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, , रालोमो जिला अध्यक्ष बंटी कुशवाहा समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में सभी बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आहुत की गई। बैंकों के सकल साख जमा अनुपात (सीडी रेशियो) के संबंध में बताया गया कि जून में अंत त्रैमास में जिले के सभी बैंकों का समेकित सीडी रेशियो 44.63 प्रतिशत था। जो मार्च त्रैमास से कम था। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुछ बैंकों, विशेष रुप से पीएनबी द्वारा साख सृजन में काफी खराब प्रदर्शन किया गया है। जून त्रैमास में पीएनबी का सीडी रेशियो 24 प्रतिशत तथा एनुअल क्रेडिट प्लान के लक्ष्य का मात्र 1.95 प्रतिशत उपलब्धि रही। जिलाधिकारी ने इस पर गहरी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने सभी बैंकों को 50 प्रतिशत के सीडी रेशियो के लक्ष्य के साथ कार्य करने को कहा। विभिन्न स्वरोजगार परक योजनाओं-पीएमईजीपी, पीएम एफ एम ई आदि के तहत प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति एवं ऋण अदायगी में उदारता बरतने को कहा। पीएमईजीपी के तहत 496 के लक्ष्य के विरुद्ध 576 आवेदन बैंकों को भेजा गया है।

सभी बैंकों को दिसम्बर माह तक लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया। पीएम एफ एम ई के तहत 340 के लक्ष्य के विरुद्ध तीन गुना आवेदन सृजित करने का निदेश दिया गया। विभिन्न बैंकों के साथ टैग किये गये उद्योग विस्तार पदाधिकारियों को सम्बद्ध बैंकों में जाकर आवेदनों की स्वीकृति एवं डिसबर्समेन्ट में तेजी लाने का निदेश किया गया। वरीय उपसमाहर्त्ता बैंकिंग को भी विभिन्न बैंकों में जाकर आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा गया। बैठक में वरीय उपसमाहर्त्ता बैंकिंग, जिला अग्रणी प्रबंधक, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सरकारी स्कूलों में छठ में सिर्फ तीन दिन की छुट्टी,शिक्षक संघ ने जताया विरोध

दैनिक बिहार पत्रिका/छपरा

बिहार शिक्षा विभाग की तरफ से जारी इस साल के अवकाश तालिका के अनुसार छठ के खरना के दिन भी विद्यालय खुले रहेंगे। वहीं, दिपावाली पर केवल एक दिन की छुट्टी स्कूलों में दी गई है। इससे शिक्षकों में काफी आक्रोश है। इसी क्रम में परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ ने मांग की है कि सरकार को इस आदेश को वापस लेना चाहिए। शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा इस वर्ष अवकाश में कटौती को लेकर शिक्षक परेशान है। विद्यालयों में 31 अक्टूबर को दीपावली में मात्र एक दिन की ही छुट्टी दी गई है। बाहरी राज्य के हजारों शिक्षक या दूर दराज क्षेत्र में कार्यरत वैसे शिक्षक जो अपने घर से अत्यधिक दूरी पर पोस्टेड हैं । वह अपने घर परिवार के साथ दीपावली का त्योहार नहीं मना पाएंगे, क्योंकि मात्र एक दिन में सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर आना जाना संभव नहीं है। इस बात से शिक्षकों में मायूसी का माहौल है । उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से वर्ष 2023 तक हमेशा दीपावली से छठ तक छुट्टी रहती थी, जबकि इस वर्ष 2024 में पहली बार दीपावली से छठ तक कि लगातार छुट्टी नहीं दी गयी है। अवकाश तालिका निर्माण में अदूरदर्शिता के कारण ही

नहाय खाय और खरना जैसे अवसर पर विद्यालय खुला रखना व छुट्टी नहीं देना निंदनीय है।शिक्षक नेता ने शिक्षा विभाग और सरकार से मांग किया कि अविलंब अवकाश तालिका में संशोधन करके पूर्व के वर्षों के भांति ही दीपावली से लेकर छठ तक अवकाश की घोषणा करें। जिससे सभी शिक्षक त्योहार को अपने परिवार के साथ मना सके। इस मौके पर संजय यादव,विनोद राय, हवलदार मांझी,निजाम अहमद, पंकज प्रकाश,पीयूष तिवारी,संतोष सिंह,श्यामबाबु सिंह,सुमन कुशवाहा, अनिल दास,स्वामीनाथन राय,एहसान अंसारी, मंटू कुमार मिश्रा, विनायक यादव,शौकत अली,जयप्रकाश तिवारी,मंटू सिंह,ललन राय,उमेश राय सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से छह की मौत

बुलंदशहर । यूपी के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद इलाके में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से छह लोगों की मौत हो गयी। जिला मजिस्ट्रेट चंद्र प्रकाश प्रियदर्शी ने मंगलवार को बताया कि शुरुआत में मृतकों की संख्या पांच थी जो मंगलवार की सुबह बढ़कर छह हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान रियाजुद्दीन उर्फ राजू (50), उनकी पत्नी रुखसाना (45), सलमान (16), तमन्ना (24), हिफ्जा (तीन) और आस मोहम्मद (26) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, सिकंदराबाद की आशापुरी कॉलोनी में यह हादसा हुआ। आशापुरी कॉलोनी में सोमवार रात एक मकान में रखा सिलेंडर अचानक फटने से जोरदार धमाके के साथ मकान ध्वस्त हो गया और छत गिर गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और एंबुलेंस एवं जेसीबी को मौके पर बुलाया गया। बुलंदशहर के जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि यह घटना आशापुरी कॉलोनी में रियाजुद्दीन के घर में हुई, जिसमें 18-19 लोग रहते थे। घर के 10 लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद बुलंदशहर में सिलेंडर फटने से हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

गुरमीत राम रहीम की मुश्किलें बढ़ीं...मान सरकार ने केस चलाने की मूंजरी दी

चंडीगढ़ । डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। पंजाब सरकार ने राम रहीम के खिलाफ 2015 के बेअदबी के तीन मामलों में केस चलाने की मंजूरी दे दी है। बेअदबी की इन घटनाओं के बाद सिख समुदाय ने व्यापक स्तर पर प्रदर्शन किया था, इस दौरान झड़प में पुलिस की फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई थी। 2015 के गुरुग्रंथ साहिब की बेअदबी मामले में मुकदमा चलाने पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने मार्च 2024 में बेअदबी के आरोप में चल रहे तीन मामलों की जांच पर रोक लगाई थी। इस आदेश को पंजाब की भगवंत मान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से लगाई गई रोक को हटाकर राम रहीम को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब राम रहीम के खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल शुरू होगा। पंजाब सरकार ने डेरा सच्चा समिति के तीन सदस्यों प्रदीप क्लेर, हर्ष धुरी और संदीप बरेटा के खिलाफ भी मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंजाब के फरीदकोट के थाने में दर्ज तीन मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी दी गई है।

देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों में बम की धमकी... दहशत फैलाने की मंशा

नई दिल्ली । दिल्ली के रोहिणी इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के करीब बम विस्फोट के बाद देशभर के अन्य राज्यों में सीआरपीएफ स्कूलों में बम विस्फोट को लेकर धमकी दी गई है। बताया जा रहा हैं कि देशभर के सीआरपीएफ स्कूलों को ईमेल के द्वारा धमकी दी गई है। इसमें दो स्कूल दिल्ली और एक हैदराबाद में हैं। हालांकि ईमेल के फर्जी होने का भी संदेह है। इसके बावजूद ताजा धमकी ने दिल्ली सहित सभी स्कूलों में दहशत फैला दी है। माना जा रहा है कि यह ईमेल किसी ने दहशत फैलाने के इरादे से किया गया है। खास बात है कि ई-मेल भेजने वालों ने मेल को लिस्टेड स्कूल के कमरों में नाइट्रेट आधारित आईईडी ब्लास्ट करने की बात कही है। ईमेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे से पहले सभी स्कूलों को खाली करने को कह दिया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि वे रोहिणी के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल में हुए विस्फोट के लिए खालिस्तानी लिंक की जांच कर रहे हैं।

मर्सिडीज ने युवक को उड़ाया मौके पर ही मौत, छह माह में हिट एंड रन की चौथी घटना

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में मर्सिडीज कार ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान दर्शन हेगड़े के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना 20 अक्टूबर देर रात की है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा तब हुआ, जब दर्शन खाना खरीदने के बाद घर लौट रहा था। नासिक हाईवे की ओर जा रही मर्सिडीज ने उसे टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई और ड्राइवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। ड्रायवर की पहचान अभिजीत नायर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। महाराष्ट्र में 6 महीने में हिट एंड रन का ये चौथा मामला है। पुलिस ने बताया कि नउपाड़ा पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। यह दुर्घटना महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित आवास के पास हुई। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हालांकि, बताया जा रहा है घटना के समय इलाके में लगे कैमरे काम नहीं कर रहे थे।

नांदेड़ में आया 3.8 तीव्रता का भूकंप, नुकसान की जानकारी नहीं

नांदेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ में मंगलवार सुबह 3.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दी। भूकंप सुबह 6-52 बजे आया था। भूकंप का केंद्र 19.38 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.46 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था, जिसकी गहराई 5 किलोमीटर थी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने एक्स पर पोस्ट किया। इससे किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी नहीं मिली है।

देश बदलने का ख्वाब लेकर आए अरविंद केजरीवाल माफी एक्सपर्ट बन गए हैं : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज किए जाने का हवाला देते हुए कहा है कि देश को बदलने का ख्वाब लेकर आए अरविंद केजरीवाल अब माफी एक्सपर्ट बन गए हैं। अन्ना आंदोलन के समय कही गई एक भी बात को आज केजरीवाल फॉलो नहीं कर रहे हैं।

भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने मानहानि के मामले पर रोक लगाने की अरविंद केजरीवाल की याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने गुजरात हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी।

प्रसाद ने केजरीवाल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अपशब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि एक समय केजरीवाल के मन में पीएम मोदी की शैक्षणिक योग्यता और डिग्री को लेकर जागृति आ गई थी। रोज सवाल पूछते थे कि पीएम कहां से पढ़े हैं, कितना पढ़े हैं, डिग्री दिखाइए। यहां तक कि अपने लोगों से उन्होंने आरटीआई तक लगवाई। गुजरात विश्वविद्यालय के बारे में उस समय अनाश-शनाप बातें भी कही थी। गुजरात विश्वविद्यालय ने अपने रजिस्ट्रार के माध्यम से मानहानि का केस फाइल किया था। जिसके खिलाफ केजरीवाल की याचिका को सेशन कोर्ट और हाईकोर्ट तक ने खारिज कर दिया और अब

सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका को खारिज कर दिया। भाजपा नेता ने आगे दावा किया कि यह सुनने में आया है कि केजरीवाल ने सुनवाई के दौरान ही माफी मांगने की बात कही। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर माफी ही मांगनी थी तो पहले मांगते। अब इस मामले में या तो कोर्ट को फैसला देना होगा या केजरीवाल को यह याचिका वापस लेनी होगी तो उन्होंने उसे वापस ले लिया। ऐसे में अब केजरीवाल पर गुजरात में आपराधिक मानहानि का मामला चलता रहेगा।

प्रसाद ने कहा कि दुनिया को ईमानदारी और भ्रष्टचार पर लेक्चर देने वाले केजरीवाल का असली चेहरा तो पहले ही सामने आ चुका है। अरविंद केजरीवाल अलग-अलग मामलों में 10 बार माफी मांग चुके हैं। उन्होंने स्वर्गीय अरुण जेटली, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, विक्रम मजीठिया, कपिल सिब्बल और उनके बेटे एवं अवतार सिंह भड़ाना सहित कई मामलों का जिक्र करते हुए बताया कि केजरीवाल ने कब-कब माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में आलोचना और विरोध का अधिकार है, लेकिन देश की राजनीति में झूठे और मर्यादा विहीन आरोप लगाने का अधिकार नहीं है। अरविंद केजरीवाल का आचरण गैर-जिम्मेदाराना है और अब उम्मीद कर सकते हैं कि वह अपनी जुबान पर लगाम लगाएंगे। इस मामले में राहुल गांधी भी केजरीवाल के सखा हैं।

जनसंख्या नियंत्रण को लेकर आ रहे बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण 60-70 वर्षों से इस देश की प्रतिबद्धता है और सबको इसका ख्याल रखना चाहिए। प्रियंका गांधी के वायनाड से चुनाव जीतने के बाद भाजपा के सामने चुनौती बढ़ने के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि चुनौती से ना तो हम डरते हैं और ना ही हमारे नेता डरते हैं। अगर प्रियंका गांधी चुनाव जीतकर आती हैं तो उनकी तुलना उनके भाई (राहुल गांधी) से होगी।

भारत और चीन के संबंधों को लेकर विपक्षी नेताओं द्वारा दिए जा रहे बयानों को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जहां तक चीन के साथ रिश्तों का सवाल है, यह एक संवेदनशील विषय है। इसमें कूटनीतिक स्तर पर वार्ता हुई और वार्ता के बाद जो भी निष्कर्ष निकला, उसकी जानकारी विदेश सचिव और विदेश मंत्री ने दी है और उन्हें इसके अलावा इस मसले पर कुछ नहीं कहना है। लेकिन, जहां तक राहुल गांधी और ओवैसी साहब की टिप्पणियों का सवाल है, कूटनीति और कूटनीतिक संवाद को लेकर उनकी समझदारी कितनी है, इस पर चर्चा करने की आवश्यकता है। रामगोपाल यादव के सीजेआई को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि रामगोपाल यादव ने अपने बयान को वापस ले लिया है। लेकिन न्यायपालिका, सभी न्यायाधीश और मुख्य न्यायाधीश इन सभी लोगों का सम्मान हमें करना चाहिए। एक स्वतंत्र न्यायपालिका देश के लोकतंत्र के लिए आवश्यक है और यह संवैधानिक परंपरा भी है।

हिंदू स्वाभिमान यात्रा में भाजपा सांसद का विवादित बयान... अररिया में रहना है, तब हिंदू बनना होगा

अररिया । बिहार में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने अररिया में एक विवादास्पद बयान देकर दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, अगर अररिया में रहना है, तब हिंदू बनना होगा। इस बयान ने सोशल मीडिया पर तेजी से प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, जिसमें लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि अररिया में रहना है, तब सामाजिक सद्भाव बनाए रखना चाहिए, न कि धार्मिक पहचान पर जोर देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री सिंह की हिंदू स्वाभिमान यात्रा 21 अक्टूबर को अररिया पहुंची थी, जहां ठाकुरबाड़ी परिसर में सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में केंद्रीय मंत्री सिंह, धर्म गुरु

दीपांकरजी महाराज और भाजपा व हिंदू संगठनों के अन्य सदस्य शामिल हुए थे। इस दौरान सांसद सिंह ने कहा, खुद को हिंदू बोलने में भला कैसी शर्म? जब बेटा-बेटी की शादी करनी हो तब जात-पात खोज लीजिए, लेकिन जब हिंदुओं की एकजुटता की बात हो तब पहले हिंदू बनिए, बाद में जाति को ढूंढिए। इस बयान के बाद कई लोग सोशल मीडिया पर सांसद की आलोचना कर रहे हैं, यह कहते हुए कि उनका बयान समाज में नफरत फैलाने वाला है। दूसरी ओर, भाजपा से जुड़े लोगों ने कहा कि प्रदीप सिंह का इरादा किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था, बल्कि वह केवल हिंदुओं की एकजुटता की बात कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस विवादित बयान पर कोई टिप्पणी नहीं की, केवल यह कहा कि हिंदू स्वाभिमान यात्रा उनका व्यक्तिगत कार्यक्रम है।

लद्दाख को लेकर वांगचुक का अनशन खत्म, गृह मंत्रालय ने बातचीत के लिए बुलाया

जम्मू (एजेंसी)। पर्यावरणविद सोनम वांगचुक का 16 दिनों से चला आ रहा अनशन सोमवार को खत्म कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्रालय से बातचीत का न्यौता मिलने के बाद उन्होंने अनशन खत्म करने का फैसला किया। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय तीन दिसंबर को वांगचुक से बातचीत करेंगे।

गृह राज्यमंत्री की अध्यक्षता में उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की बैठक होगी। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के संयुक्त सचिव ने अनशन पर बैठे कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें गृह मंत्रालय का पत्र सौंपा। लद्दाख बुद्धिस्ट संगठन के प्रधान ने कहा कि हम अपने चार सूत्रीय एजेंडा से पीछे नहीं हट रहे हैं। चार सूत्रीय एजेंडा पर ही बातचीत करेंगे। ना तो इसमें कोई मुद्दा शामिल होगा ना बाहर होगा। मांगों में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने और दो लोकसभा की सीटें व एक राज्यसभा की सीट बनाना शामिल है।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने और कई मांगों को लेकर सोनम वांगचुक ने लद्दाखियों के साथ एक सितंबर से लेह से पदयात्रा शुरू की थी। देश के कई हिस्सों से होते हुए 30

सितंबर को सोनम वांगचुक की यात्रा दिल्ली पहुंची। दिल्ली बॉर्डर पर उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। बाद में दिल्ली पुलिस ने उन्हें दो अक्टूबर को रिहा कर दिया था। रिहा करते समय गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि लद्दाख के मुद्दों को लेकर दिल्ली में उनकी पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह के साथ बैठक होगी। इस आश्वासन पर जब बाद में उचित कार्रवाई न हुई तो उन्होंने दिल्ली में अनशन शुरू कर दिया था।

वांगचुक को दिल्ली के जंतर मंतर पर अनशन करने की अनुमति नहीं मिली थी। इस पर उन्होंने कहा था कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजधानी में कोई ऐसी जगह नहीं है, यहां पर लोग अपनी बात को उठा सकें। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि महात्मा गांधी के देश में उनके पदचिन्हों पर चलना इतना मुश्किल क्यों है। जंतर मंतर पर अनशन करने की अनुमति न मिलने पर वह लद्दाख भवन में अनशन किया।

यमुना नदी के ऊपर बादलों की तरह छाया जहरीला झाग, स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

-वीडियो वायरल, यूजर्स बोले- समुद्र का पानी साफ हो सकता है तो यमुना का क्यों नहीं ?

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में यमुना नदी में जहरीले झाग की सफेद चादर सुर्खियां बनी हुई है। इसे अंतरिक्ष से सैटेलाइट इमेजरी में भी कैद किया गया है। तस्वीरों में दक्षिण पूर्वी दिल्ली के ओखला इलाके में करीब तीन किमी दूरी पर स्थित दो बैराजों के पास यमुना नदी में झाग बहता दिखाई दे रहा है। इन दिनों सोशल मीडिया पर इसकी वीडियोज खूब वायरल हो रही है, जिनमें नदी के बड़े हिस्से में झाग दिखाई दे रहा था, जो पानी के ऊपर बादलों जैसा नजर आ रहा था। यूजर्स कह रहे हैं कि जब समंदर का पानी साफ हो सकता है तो यमुना का क्यों नहीं?

एक्सपर्ट्स का कहना है कि यह स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, खासकर त्योहारों के मौसम के आने पर। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) ने

कहा कि शहर की स्थिति पर सरकार नजर रख रही है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि अधिकारियों ने इस समस्या से निपटने के लिए पहले ही डिफोमर्स का छिड़काव करवा दिया है और सरकार स्थिति को संभालने और हल करने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठा रही है। मीडिया रिपोर्ट में साउथ एशिया नेटवर्क ऑन डैम्स, रिवर्स एंड पीपल के एसोसिएट कोऑर्डिनेटर ने बताया कि आमतौर पर यमुना के ऊपरी हिस्से में बाढ़ की स्थिति बनी रहती है, लेकिन इस साल हाल ही में खत्म हुए दक्षिण-पश्चिम मानसून में ऐसी कोई स्थिति नहीं बन पाई है।

पर्यावरण विशेषज्ञों के मुताबिक, इस झाग में अमोनिया और फॉस्फेट की उच्च मात्रा होती है, जो श्वसन और त्वचा संबंधी समस्याओं सहित गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। इस तरह का झाग तब बनता है, जब सड़ते हुए पौधों और प्रदूषकों से निकलने वाली चर्बी पानी में मिल जाती है, लेकिन मानसून के दौरान इसकी मौजूदगी चौकाने वाली है। कोऑर्डिनेटर ने कहा कि यह असामान्य है क्योंकि नदी में हर साल इस सेगमेंट में कम से कम दो बार कम या मध्यम बाढ़ आती है। उन्होंने कहा कि नदी में प्रदूषण मानव स्वास्थ्य और वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली एक गंभीर चिंता का विषय है। हालांकि नदी में कुछ प्राकृतिक सफाई क्षमता है, लेकिन प्रदूषण का स्तर चिंताजनक है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि सरकारी इंजीनियरों को ओखला और आगरा नहर बैराज पर ऑपरेशन की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। एक्सपर्ट्स ने सरकार से नदी में प्रदूषण के स्तर को कम करने का आग्रह किया है।

गोपाल राय का उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा को खत... दिल्ली में डीजल बसें न भेजें

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के संकट के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली से सटे बीजेपी शासित राज्यों को पत्र लिखा है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के परिवहन मंत्रियों को लिखे पत्र में राय ने दिल्ली आने वाली बसों के संबंध में कुछ बातें कही हैं। उन्होंने पत्र में लिखा, दिल्ली में डीजल बसें न भेजें, दिल्ली की तरह सीएनजी और ईवी सार्वजनिक बसों की व्यवस्था करें। दिवाली और सर्दी आने से पहले ही दिल्ली की हवा प्रदूषित होने लगी है। जहरीली होती हवा के बीच कहा जा रहा है कि दिल्ली में जल्द ही ग्रैप-2 लागू किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है दिल्ली में उन कामों पर रोक लग जाएगी, जिससे प्रदूषण बढ़ने की आशंका रहती है।



बहन को लेकर राहुल गांधी की अपील... वायनाड से प्रियंका से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नही

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अपनी बहन और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। पोस्ट में कहा है कि वह वायनाड से प्रियंका गांधी से बेहतर प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकते। यह पोस्ट प्रियंका गांधी केरल की वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले किया गया है।

राहुल गांधी ने एक पोस्टर साझा किया, जिसमें वे अपनी बहन प्रियंका के साथ दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा, वायनाड के लोगों का मेरे दिल में विशेष स्थान है और मैं अपनी बहन प्रियंका से बेहतर उनके प्रतिनिधि की कल्पना नहीं कर सकता। मुझे विश्वास है कि वह वायनाड की जरूरतों की एक धुर समर्थक रहेंगी और संसद में एक सशक्त आवाज बनेंगी।

राहुल गांधी ने कहा, 23 अक्टूबर को हमारे साथ जुड़ें, जब वह वायनाड लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। आइए हम सब मिलकर सुनिश्चित करें कि वायनाड का प्रतिनिधित्व प्यार से होता रहे। प्रियंका गांधी बुधवार को वायनाड से अपना नामांकन दाखिल करेंगी, जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी उपस्थित रहने वाले है।

राहुल गांधी ने पहले के चुनावों में वायनाड और रायबरेली संसदीय सीट से जीत हासिल की थी, लेकिन उन्होंने रायबरेली सीट का प्रतिनिधित्व करने का फैसला किया था। प्रियंका गांधी की यह पहली चुनावी एंट्री होगी। अगर वह वायनाड से चुनाव जीत जाती हैं, तब यह पहली बार होगा जब गांधी परिवार के तीनों सदस्य संसद में एक साथ नजर आएंगें। वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव 13 नवंबर को होगा, और इसके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

चिराग की दो टूक.... कई लोग हैं जो चाहते हैं कि मेरे और मेरे प्रधानमंत्री के बीच दूरियां आएं

पटना (एजेंसी)। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर उठ रही अटकलों को खारिज किया। मंगलवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को गठबंधन में केवल एक सीट मिलने से नाराज हैं। केंद्रीय मंत्री पासवान ने स्पष्ट किया, 'मैं एक बात साफ कर दूं कि इसतरह के कई लोग हैं जो चाहते हैं कि मेरे और मेरे प्रधानमंत्री के बीच दूरियां आएं। मैं अपने प्रधानमंत्री से किसी भी तरह से विवाद में नहीं पड़ सकता। उन्होंने कहा कि वह न केवल खुश हैं, बल्कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन से पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने बताया, भाजपा ने हमें वहीं सम्मान दिया है जो हमारे नेता रामविलास पासवान के समय में मिला करता था। हमें 2014 में भी एक सीट मिली थी, और इस बार हमने जो सीटें चुनी थीं, उसी में से हमें गठबंधन के तहत लड़ने का मौका मिला है।'

चिराग ने विश्वास जाहिर कियास कि उनकी पार्टी चुनावी मैदान में पूरी ताकत से उतरेगी और झारखंड में एक

मजबूत एनडीए सरकार बनाने की उम्मीद जाहिर की है। उन्होंने कहा, 'हेमंत सोरेन की सरकार में भ्रष्टाचार और विवादों की भरमार है। मुख्यमंत्री तक को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाना पड़ा है। इसके बाद राज्य की स्थिति शर्मनाक हो गई है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के भीतर के मतभेदों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद के बीच आरोप-प्रत्यारोप से यह साफ है कि विपक्ष एकजुट नहीं है। उन्होंने कहा, 'जो गठबंधन एक-दूसरे के साथियों को चुनाव लड़ने तक का सम्मान नहीं दे पा रहा, वह कैसे एक मंच पर आकर वोटर्स को रिझाएंगे।'

मजदूरों का घाटी छोड़ना समस्या का हल नहीं, देश में जाएगा गलत संदेश

– महबूबा मुफ्ती ने राज्य सरकार पर लगाए आरोप

जम्मू (एजेंसी)। कश्मीर में बढ़ रहे आतंकी हमलों पर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का हल निकालने के लिए राज्य सरकार को सार्थक प्रयास करने चाहिए। सोनमर्ग में हुए बर्बर हमले के बाद स्थानीय प्रशासन नॉन-लोकल मजदूरों पर तुरंत घाटी छोड़ने का दबाव बना रहा है। मैं समझती हूं कि यह प्रशासन की घबराहट है। मगर, उन्हें इस तरह से चले जाने के लिए कहना कोई समाधान नहीं है। ऐसा करने से अधिक कठिनाइयां पैदा होंगी और देश में बहुत बुरा संदेश जाएगा। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हाल ही में शांतिपूर्ण और आतंक मुक्त चुनाव सम्पन्न हुए हैं। अब ऐसी त्वरित प्रतिक्रिया से दूसरे राज्यों में काम करने और पढ़ने वाले कश्मीरियों के खिलाफ भी नाराजगी हो सकती है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राज्यपाल मनोज सिन्हा से निवेदन है कि हस्तक्षेप करें और कम से कम उन्हें पर्याप्त समय दिया जाए। मालूम हो कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादी हमला हुआ। इसमें एक डॉक्टर और 6 श्रमिकों की मौत हो गई।

कश्मीर समस्या हल करने के लिए

वास्तविक प्रयासों की आवश्यकता

पीडीपी की नेता व महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने भी गांदरबल हमले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि चुनाव या अंतरराष्ट्रीय मैराथन जैसे बड़े आयोजन इस सच्चाई को नहीं छिपा सकते कि कश्मीर में एक ऐसी समस्या है जिसे हल करने के लिए वास्तविक प्रयासों की आवश्यकता है। कश्मीर में एक ऐसी समस्या है, जो दशकों से निर्दोष लोगों की जान ले रही है। यह तब तक जारी रहेगी जब तक हम इसे स्वीकार नहीं करते और इसे हल करने के लिए वास्तविक प्रयास नहीं करते।

रणवीर सिंह ने भी पूछा सवाल ये ओरी करता क्या है?

अभिनेता रणवीर सिंह और ओरहान अवतरमणी (ओरी) का एक वीडियो रणवीर सिंह के इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया गया है। वीडियो में रणवीर सिंह मजाकिया अंदाज में एक सवाल पूछते हैं– ये ओरी करता क्या है ? वीडियो की शुरुआत में रणवीर ने ओरी के कंधे पर हाथ रखते हुए कहा, अक्सर हमारे देश में लोग दो सवाल पूछते हैं। पहला, 'कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा ?' और दूसरा, 'ये ओरी करता क्या है ?'卐 यह सवाल सुनकर ओरी ने हंसते हुए अपने सनग्लास पहनने की कोशिश की, लेकिन रणवीर ने मजाक में उन्हें रोकते हुए कहा, कोई मौका नहीं। वीडियो के बैकग्राउंड में एक महिला भी कहती है, आप चश्मे के साथ सनग्लास नहीं पहन सकते। ओरी ने इस मजेदार वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, 'ये वो सवाल हैं जो हमें परेशान करते हैं।' वीडियो ने तुरंत सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया और फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया। इससे पहले, ओरी कई बॉलीवुड सितारों जैसे अनन्या पांडे, जान्हवी कपूर, खुशी कपूर और सुहाना खान के साथ राधिका मर्चेंट की भव्य जन्मदिन पार्टी में शामिल हुए थे। ओरी ने इस पार्टी की कई झलकियां भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं, जिससे फैंस ने भी पार्टी के शानदार पलों का आनंद उठाया। वहीं, रणवीर सिंह हाल ही में अपने न्यू डैड बनने की खुशियों में व्यस्त हैं। उनकी पत्नी और अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने पिछले महीने एक बेटी को जन्म दिया था। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी की घोषणा की थी, जिससे उनके फैंस बेहद उत्साहित हुए। रणवीर और दीपिका दोनों जल्द ही रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ जैसे बड़े सितारे भी शामिल हैं। सिंघम अगेन 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और ओरहान अवतरमणी (ओरी) का हाल ही में एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



करण जौहर ने की अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता करण जौहर ने अपने नए प्रोजेक्ट की घोषणा कर दी है। बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार इस फिल्म में बैरिस्टर नायर की भूमिका निभाएंगे, जबकि आर. माधवन और अनन्या पांडे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। धर्मा प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए बताया कि यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पोस्टर पर लिखा है, 'एक अनकही कहानी, एक अनसुना सच।卐 करण जौहर और अक्षय कुमार के फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि यह स्वतंत्रता पूर्व भारत की एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे, जो इससे पहले कई चर्चित प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुके हैं। यह फिल्म रघु पलट और पुष्पा पलट की किताब द केस दैट शूक द एम्पायर पर आधारित होगी, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश शासन द्वारा किए गए अत्याचारों और इसे छिपाने की कोशिशों पर केंद्रित है। फिल्म में सी. शंकरन नायर के जीवन को दिखाया जाएगा, जिन्होंने पंजाब के तत्कालीन गवर्नर माइकल ओडायर के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। यह मुकदमा ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ एक साहसिक कदम था और स्वतंत्रता संग्राम में इसे महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है। फिल्म को अक्षय कुमार की कंपनी केप ऑफ गुड फिल्म्स, करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और लियो मीडिया कलेक्टिव द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है।
अक्षय कुमार इस फिल्म में एक शक्तिशाली और ऐतिहासिक किरदार निभाते नजर आएंगे, जिससे फैंस को उनसे बड़ी उम्मीदें हैं। अक्षय के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें हाउसफुल 5 और वेलकम टू द जंगल शामिल हैं। दूसरी ओर, आर. माधवन भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे और उनके फैंस उन्हें इस भूमिका में देखने के लिए उत्साहित हैं। अनन्या पांडे इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जो उनके करियर के लिए एक नई दिशा हो सकती है। फिल्म के साथ–साथ इसका विषय और ऐतिहासिक महत्व इसे एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बनाते हैं, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

मुरलीकांत की असाधारण कहानी पर आधारित है चंदू चैंपियन

बालीवुड एक्टर कार्तिक आर्यन की फिल्म, चंदू चैंपियन युद्ध नायक मुरलीकांत पेटकर की असाधारण कहानी पर आधारित है। मुरलीकांत पेटकर भारत के पहले पैरालम्पिक गोल्ड मेडलिस्ट बने, की जीवन यात्रा को पर्दे पर दर्शाने का जिम्मा लिया है निर्देशक कबीर खान और अभिनेता कार्तिक आर्यन ने।
इस फिल्म में कार्तिक आर्यन ने मुरलीकांत पेटकर का किरदार निभाया है, जो 1972 के पैरालंपिक खेलों में भारत के लिए पहला गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी थे। युद्ध में बुरी तरह घायल होने के बावजूद, पेटकर ने कभी हार नहीं मानी और खेल की दुनिया में सफलता हासिल की। कार्तिक आर्यन ने इस किरदार को जीवंत करने के लिए कड़ी मेहनत की, जिसमें उन्होंने बॉक्सिंग और गहरे पानी में तैराकी जैसे कौशल सीखे। उन्होंने अपने शरीर का फैट 39प्रतिशत से घटाकर 7प्रतिशत तक लाने के लिए डेढ़ साल तक ट्रेनिंग की। यह उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक रही है। कार्तिक ने कहा, इस फिल्म ने मुझे असली सहनशीलता और साहस का मतलब सिखाया। यह मेरे लिए सीखने और डर पर काबू पाने का सफर था।फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है, जिन्हें बजरंगी भाईजान और 83 जैसी हिट फिल्मों के लिए जाना जाता है। कबीर ने कहा, मुरलीकांत पेटकर की कहानी इंसानी जज़्बे की जीत पर रोशनी डालती है।



कार्तिक ने किरदार को पूरी तरह से आत्मसात किया, और उनके समर्पण ने फिल्म में जान डाल दी। चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 20 अक्टूबर, रविवार को रात 8 बजे सिर्फ ज़ी सिनेमा पर होगा। यह फिल्म न केवल एक अद्वितीय खिलाड़ी की उपलब्धियों को दर्शाती है, बल्कि यह धैर्य, साहस और उम्मीद की प्रेरणादायक कहानी भी है, जो दर्शकों को अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित करेगी। फिल्म में विजय राज, बृजेन्द्र काला, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव जैसे अनुभवी कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो इस कहानी में और भी गहराई और इमोशंस जोड़ते हैं।

माधुरी ने की पाणी की प्रशंसा तो प्रियंका ने जताया आभार

अंतरराष्ट्रीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस की मराठी फिल्म पाणी को लेकर माधुरी दीक्षित ने फिल्म की सराहना की। माधुरी द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए की गई प्रशंसा के बाद प्रियंका ने उनका आभार व्यक्त किया। माधुरी ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर को साझा करते हुए इसके विषय और कलाकारों की प्रशंसा की, साथ ही दर्शकों से सिनेमाघरों में जाकर इसे देखने का आग्रह किया। प्रियंका ने इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए लिखा, धन्यवाद माधुरी दीक्षित नेने। माधुरी दीक्षित ने फिल्म की रचनात्मकता और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा, फिल्म की पूरी टीम को बधाई। यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर आधारित है, और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अपनी पोस्ट में प्रियंका चोपड़ा और फिल्म के निर्देशक आदिनाथ एम. कोठारे को भी टैग किया। फिल्म पाणी का निर्माण प्रियंका चोपड़ा और उनकी मां मधु चोपड़ा के प्रोडक्शन हाउस पर्पल पेबल पिक्चर्स के तहत किया गया है। यह फिल्म पानी की कमी के गंभीर वैश्विक मुद्दे को उठाती है और इसमें आदिनाथ, रुचा वैद्य, सुबोध भावे, राजित कपूर, किशोर कदम, नितिन दीक्षित और सचिन गोस्वामी जैसे मंझे हुए कलाकार शामिल हैं। पाणी को 2019 में 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में पर्यावरण संरक्षण पर सर्वश्रेष्ठ फिल्म के खिताब से नवाजा गया था, जो इसके विषय की प्रासंगिकता और प्रस्तुति की उत्कृष्टता को दर्शाता है। प्रियंका ने फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान अपने विचार साझा करते हुए कहा, पाणी मेरे लिए एक जुनूनी परियोजना है। यह फिल्म न केवल एक महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दे पर आधारित है, बल्कि यह एक व्यक्ति की प्रेरणादायक यात्रा को भी दर्शाती है, जो अपने समुदाय के लिए समाधान खोजने का प्रयास करता है। बता दें कि फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में इसकी विशेष स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें प्रियंका चोपड़ा अपनी मां मधु चोपड़ा और भाई सिद्धार्थ चोपड़ा के साथ शामिल हुईं। इस अवसर पर फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या, महेश मांजरेकर और फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू भी उपस्थित थे।

मजदूरों के साथ जमीन पर सोते नजर आए सुनील ग्रोवर

कॉमेडियन सुनील ग्रोवर की फोटो देखकर लोगों ने फोटोग्राफर साथ रखने की उनकी जरूरत पर तंज कसा, जो कॉमेडियन की फोटो तब भी खींच रहा है, जब वे फर्श पर सो रहे थे। कॉमेडियन इंस्टाग्राम रील में मां गंगा का आशीर्वाद लेते हुए नजर आए। उन्होंने सफेद टीशर्ट और नीली जींस पहनी हुई थी। वे एक अनजान शख्स के बगल में नींद लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखकर फोटोग्राफर का पता नहीं चलता।



सुनील ग्रोवर ने कैप्शन में लिखा, 'और क्या चाहिए, बताओ।' सुनील के वीडियो पर लोग जमकर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि कॉमेडियन जमीन से जुड़े होने का दिखावा कर रहे हैं। वह लिखता है, 'अमीर लोगों को डाउन–टू–अर्थ दिखने के लिए कैमरामैन भी साथ ले जाना होता है।' दूसरा व्यक्ति सहमति जताते हुए कहता है, 'गुड एक्टर, चलो वीडियो बन गया। अब जाकर अपने 5 स्टार होटल के कमरे में जाकर सो जाओ। सुनील ग्रोवर जब भी स्क्रीन पर नजर आए, दर्शकों को खूब हंसाया। वे अब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' से लोगों को हंसाते–गुदगुदाते नजर आ रहे हैं। फिलहाल, वे काम से दूर घूमने–फिरने का आनंद उठा रहे हैं। उन्होंने ताजा इंस्टाग्राम पोस्ट से बताया कि वे सरल और तनाव से दूर पहाड़ों में फुरसत के पल गुजार रहे हैं, लेकिन उन्होंने जैसा सोचा होगा, लोगों ने वीडियो पर वैसा रिएक्शन नहीं दिया। वे कॉमेडियन को ट्रोल कर रहे हैं। सुनील से तीसरा यूजर पूछता है, 'इतना दिखावा करने की क्या जरूरत है। जमीन पर लेबर सो रहे हैं, क्योंकि वे थके हुए हैं और यहां तुम वीडियो बना रहे हो।' बता दें कि कॉमेडियन 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का हिस्सा हैं, जिसका दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। हर शनिवार रात 8 बजे इसका नया एपिसोड दिखाया जा रहा है।

ऋचा चड्ढा ने पति के लिए खास अंदाज में किया प्यार का इजहार

अपने पति अभिनेता अली फज़ल के जन्मदिन पर बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने एक भावुक और प्यारी पोस्ट शेयर की। इस पोस्ट में उन्होंने अपने पति के लिए खास अंदाज में अपने प्यार का इजहार किया। ऋचा ने इंस्टाग्राम पर एक पुरानी वीडियो पोस्ट की, जिसमें अली के बचपन की झलकियाँ शामिल हैं। वीडियो में दो अलग–अलग क्लिप हैं पहले क्लिप में अली को धुंधले शॉट में दिखाया गया है, जबकि दूसरे क्लिप में उनके बचपन की बर्थडे पार्टी की एक पुरानी यादगार वीडियो है, जो 90 के दशक की सैर कराती है। ऋचा ने इस वीडियो के साथ एक भावुक कैप्शन दिया, मुझे पता है कि मैं कितनी भाग्यशाली हूं, अली फज़ल। हमने यह एक मिलियन बार किया है, है ना ? मेरे बचपन के दोस्तों वत्सल और चिंटू को प्यार के लिए धन्यवाद, और कक्कड़ अंकल को पुराने पलों की याद दिलाने के लिए शुक्रिया। यह एक ऐसा दिन है जिसे मनाना और संजोया जाना चाहिए। जब हम किसी से प्यार करते हैं और उनसे शादी करते हैं, तो हमें इंटरनेट पर किसी को जवाब देने की जरूरत नहीं है ।ऋचा और अली फज़ल ने कई सालों तक डेटिंग करने के बाद 4 अक्टूबर, 2022 को शादी की थी। इस साल जुलाई में इस जोड़े ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। इस खुशी को उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए फैंस के साथ साझा किया, जिसमें नवजात के नन्हे पैर की तस्वीर दिखाई गई थी। फिलहाल, ऋचा अपनी अपकमिंग फिल्म अभी तो पार्टी शुरू हुई है की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, अली फज़ल मेट्रो इन दिनों और लाहौर 1947 सहित कई प्रोजेक्ट्स में काम कर रहे हैं। बता दें कि फुकरे और हीरामंडी जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी से अभिनेत्री ऋचा चड्ढा दर्शकों की जमकर सराहना बटोरने चुकी है।

तहलका मचा दिया कैटरीना की हॉट तस्वीरों ने

हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। कैटरीना ने फ्लोरल पैटर्न वाली खूबसूरत क्रीम रंग की ड्रेप्ड ड्रेस में अपनी ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट की हैं। कैटरीना ने इस पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, दिल गुलाबी ।तस्वीरों में कैटरीना ने बेहद सटल मेकअप लुक अपनाया है, जो उनकी खूबसूरती को और निखारता है। पहली तस्वीर में वह कैमरे की ओर देखते हुए पोज़ देती नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वह कैमरे से दूर नजर आ रही हैं। उनके इस लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया, और फैंस ने जमकर तारीफों के साथ प्यार भी बरसाया। यह पहली बार नहीं है जब कैटरीना की कोई पोस्ट सुर्खियां बटोर रही हो। हाल ही में नवरात्रि के अवसर पर उन्होंने साड़ी में अपनी कुछ शानदार तस्वीरें साझा की थीं, जिसने भी फैंस का दिल जीत लिया था। कैटरीना कैफ ने अपने करियर में कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं और हिंदी सिनेमा में एक सफल स्थान बनाया है। उन्हें राजनीति, जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, एक था टाइगर, बैंग बैंग, टाइगर जिंदा है, सूर्यवंशी और अब टाइगर 3 जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए पहचाना जाता है। हाल ही में वह 2023 में रिलीज हुई फिल्म मेरी क्रिसमस में नजर आई थीं, जिसमें उन्होंने मिस्ट्री थ्रिलर के दिलचस्प किरदार मारिया को निभाया। इस फिल्म में उनके साथ विजय सेतुपति भी मुख्य भूमिका में थे। कैटरीना कैफ जल्द ही फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित फिल्म जी ले जरा में प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी।

फिल्म मेंकिंग में चमकता भविष्य

सिनेमा को इस समय की उत्कृष्ट कलाओं में शुमार किया जाता है। इसका प्रभाव क्षेत्र बहुत विशाल है। आज सिनेमा सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव के वाहक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह कर रहा है। इसके पास लोगों को बदलने की जबरदस्त ताकत होती है।

फिल्म मेकिंग एक चित्र द्वारा कहानी कहने की कला है। फिल्म मेकिंग में अक्सर देखा जाता है बिना प्रशिक्षण के भी लोग बेहतर काम कर रहे हैं। टाइटैनिक जैसी महान फिल्म बनाने वाले जेम्स कैमरून कभी फिल्म स्कूल में नहीं गए। भारत में आजकल के फिल्म निर्देशकों में इम्तियाज अली ने फिल्म बनाने का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया, पेशे से वे एक फैशन डिजाइनर थे। मधुर भंडारकर वीडियो लाइब्रेरी चलाते थे। बोमन ईरानी ने अभिनय का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया। वह चेन्नई में एक फोटोग्राफर थे। 42 साल की उम्र में उन्होंने अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की

थी। फिल्म बनाना एक कला है। इसका प्रशिक्षण अगर आपके पास है तो आपका तकनीकी पक्ष बहुत मजबूत हो सकता है। लेकिन कहानी को मजेदार ढंग से सुनाना, यह आपको कोई नहीं सिखा सकता। कॅरियर के लिहाज से फिल्मी दुनिया में काफी संभावनाएं मौजूद हैं।

क्या है फिल्म मेकिंग

एक कैमरा होता है, जिससे फिल्म शूट होती हैं। फिल्म मेकिंग में क्रिरप्ट होती है, चरित्र होते हैं, एक कहानी होती है, हर कहानी की एक भाषा होती है, फिल्म का अपना देश-काल होता है, दृश्य होते हैं, ध्वनियों का दृश्यों के साथ मिलान होता है, स्पेशल इफेक्ट्स होते हैं और गीत-संगीत होता है। फिल्मों में क्रिएटिविटी और टेक्नोलॉजी का अनोखा मेल होता है। आज फिल्मों में नई-नई तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। आज की इंडस्ट्री में फिल्मों के कई प्रकार हैं, जैसे डिजिटल फिल्म, 3डी फिल्म आदि। हर एक फिल्म को रिलीज होने से पहले उसे परखा जाता है। इसके बाद दर्शक उसका फीडबैक देते हैं। फिल्मों के साथ एक खास बात होती है, संचार के विभिन्न माध्यमों की तरह फीडबैक हमेशा फिल्म की गुणवत्ता को तय नहीं करता है।

योग्यता

फिल्म मेकिंग में ज्यादातर पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स पढ़ाए जाते हैं। बैचलर स्तर पर भी कई संस्थान कोर्स कराते हैं। बैचलर कोर्स में दाखिला लेने के लिए न्यूनतम योग्यता बारहवीं है। वहीं, पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ ग्रेजुएट की डिग्री होना जरूरी है। साउंड एडिटिंग और कुछ अन्य तकनीकी कोर्सों में दाखिले के लिए साइंस बैकग्राउंड से ग्रेजुएट होना चाहिए।

आय

इस क्षेत्र में अलग अलग काम के लिए अलग- अलग वेतन मिलता है। शुरुआती स्तर पर फिल्म से जुड़े किसी भी काम में वेतन 15 से 20 हजार रुपये होता है। इस क्षेत्र में एक बार अगर यदि आप स्थापित हो गए, तो फिर आय की कोई सीमा नहीं रहती।

उपलब्ध कोर्स

- पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन सिनेमा
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डायरेक्शन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन सिनेमेटोग्राफी
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन साउंड रिकार्डिंग एंड साउंड डिजाइन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडिटिंग
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन आर्ट डायरेक्शन एंड प्रोडक्शन डिजाइन
- सर्टिफिकेट कोर्स इन स्क्रीनप्ले राइटिंग
- डिप्लोमा इन वीडियो प्रोडक्शन
- बैचलर ऑफ फिल्म टेक्नोलॉजी आदि

उपलब्ध संस्थान

- फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एफटीआईआई), पुणे
- सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, कोलकाता
- व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल, मुंबई
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा
- एसआरएम शिवाजी गणेशन फिल्म इंस्टीट्यूट, चेन्नई
- जी इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया आर्ट्स, मुंबई

यहां हैं अवसर

स्क्रीनप्ले

स्क्रीनप्ले आइडिया और कहानी के विकास के बाद का चरण है। इसके आधार पर फिल्म का फिल्मांकन किया जाता है। पटकथा लेखक/निर्देशक द्वारा कहानी की पटकथा तैयार की जाती है। दरअसल पटकथा एक नहीं, अनेक होती हैं जिसमें कैमरा पर्सन और अभिनेताओं समेत सभी जरूरी लोगों के लिए आवश्यकता के अनुरूप पटकथाएं तैयार की जाती हैं। बॉलीवुड में पटकथा लिखने के बजाए या फिर उस पर हू-ब-हू चलाने के बजाय वह लगातार बदलती रहती है। पटकथा की तैयारी के साथ-साथ डॉयलाग राइटर का आगमन होता है तथा निर्देशक की सलाह से दृश्यों का ध्वनि का मिलान करना तथा इससे जरूरी काट-छांट संभव हो पाता है। पटकथा में स्पेसिफिक्स यानी समय, लोकेशंस और सिचुएशन की सूचना अंग्रेजी में लिखी जाती है।

निर्देशन

फिल्मों में निर्देशन करना एक मल्टीटास्किंग काम है। फिल्म की पटकथा से लेकर संवादों की प्रस्तुति और कैमरे के संयोजन तक का काम एक निर्देशक को करना होता है। बॉलीवुड में पटकथा लेखन, संवाद लेखन और निर्देशन एक व्यक्ति द्वारा ही करने का चलन है। फिल्म निर्देशन में कॅरियर बनाने के लिए डिग्री के साथ फिल्मों की सभी विधा में कौशल हासिल करना होता है।

सिनेमेटोग्राफी

फिल्म के शॉट से जुड़ा हुआ काम सिनेमेटोग्राफी कहलाता है। सिनेमेटोग्राफी में मौलिक रूप से तीन शॉट और दो मूवमेंट होते हैं। शॉट क्लोज अप, मिड और लॉन्ग होता है, जबकि मूवमेंट पैन और टिल्ट। ये शॉट और मूवमेंट फिल्म का व्याकरण होते हैं। अर्थ को पैदा करने में इनकी गहरी भूमिका होती है। सिनेमेटोग्राफर का प्रोफेशनल कोर्स एफटीआईआई समेत कई प्रतिष्ठित संस्थानों में कराया जाता है। वहां से डिग्री लेकर आप अपने कॅरियर को एक नया मुकाम दे सकते हैं।

संगीत

संगीत में विभिन्न प्रकार के लोगों का संयोजन होता है। फिल्म संगीत में गीतकार, संगीतकार या संगीत निर्देशक, गायक, रिर्काडिस्ट (साउंड मैनेजर), साउंड एडिटर की मुख्य भूमिका होती है। इन सभी के बेहतर संयोजन से गाना बनता है। पहले संगीतकार या संगीत निर्देशक आर्केस्ट्रा के साथ गायक को रिकॉर्ड करते थे, लेकिन अब यह प्रक्रिया पूरी तरह बदल चुकी है। अब गायक रॉ सांग (कच्चा गाना) गा देते हैं, संगीत रिर्काडिस्ट, संगीतकार/ संगीत निर्देशक और साउंड एडिटर मिलकर गाने को कंपोज करते हैं। इस क्षेत्र में क्रिएटिव और मल्टीटैलेंटेड लोगों की काफी मांग है।

कोरियोग्राफी

कोरियोग्राफी का बॉलीवुड फिल्मों में विशेष महत्व है। पारंपरिक तौर विभिन्न प्रकार के शास्त्रीय नृत्य में निपुण लोग फिल्मों के कोरियोग्राफर होते थे लेकिन फिल्मों में पाश्चात्य नृत्य कला, एरोबिक आदि के आने के बाद इसके स्वरूप में विस्तार हुआ है। आजकल विभिन्न प्रकार की नृत्य शैलियों का एक साथ संयोजन करने वाले कलाकार इसमें सफल हो रहे हैं। इस क्षेत्र में हमेशा कुछ नया करने की चुनौती बनी रहती है।

वीडियो एडिटिंग

वीडियो एडिटिंग मल्टीमीडिया से जुड़ा काम है । आजकल साइंस फिक्शन फिल्मों, कार्टून फिल्में का चलन बढ़ा है। इसने वीडियो एडिटिंग में ग्रफिक डिजाइनिंग, कार्टूनिस्ट, आर्ट डायरेक्शन जैसे पहलुओं को जोड़ने का काम किया है। अब तो बिना कास्ट के कार्टून के सहारे फिल्मों को बनाने का भी प्रचलन बढ़ा है। इस क्षेत्र में भी मल्टीटैलेंटेड और क्रिएटिव लोगों की काफी मांग है। मल्टीमीडिया और वीडियो एडिटिंग में प्रशिक्षण लेकर आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं।

बैकग्राउंड साउंड

बैकग्राउंड साउंड और डबिंग बैकग्राउंड स्कोर के ही हिस्से हैं। फिल्मों के प्रोमो में कई बार बैकग्राउंड स्कोर दिखता है। यह विशुद्ध रूप से फिल्म एडिटिंग का हिस्सा होता है। पार्श्व ध्वनियों, संवादों और विभिन्न प्रकार के ध्वनि प्रभावों को जोड़ने का काम डबिंग कहलाता है। संवादों को डब अभिनेता अभिनेत्री या वॉइस ओवर आर्टिस्ट से कराया जाता है। डबिंग और बैकग्राउंड स्कोर के बाद फिल्म का जो प्रिंट तैयार होता है, उसे मैरिड प्रिंट कहा जाता है। फिल्मों में बैंकग्राउंड स्कोरर, डबिंग या वॉइस ओवर आर्टिस्ट के रूप में आप रोजगार पा सकते हैं।

वितरण और प्रमोशन

भारत में फिल्में बिना देखे ही बिकती हैं। ऐसा दुनिया भर की किसी इंडस्ट्री में नहीं होता है। फिल्मों की बिक्री सिनोप्सिस और कास्टिंग के आधार पर होती है । फिल्म फाइनेंसर (प्रोड्यूसर) और वितरक इन उपरोक्त बातों पर विचार करने के बाद तय करते हैं कि फिल्म में कितने गीत दृश्य होंगे। इन दोनों की भूमिका कई बार निर्देशक की परिकल्पना को भी प्रभावित करने लगती है। अभिनेताओं के चयन में हेर-फेर भी इनके चलते कई बार करना पड़ता है। फिल्मों के निर्माण के बाद दूसरा बड़ा खर्च इनके प्रमोशन पर होता है। फिल्मों का प्रमोशन एक प्रकार से फिल्मों का विज्ञापन होता है। प्रमोशन के लिए विज्ञापित होने वाले विज्ञापन को फिल्म का प्रोमो कहा जाता है। वितरण और प्रमोशन के काम के लिए बहुत पैसों का जरूरत होती है। साथ ही इस काम में रिस्क भी बहुत होता है। यह एक तरह व्यवसाय है। अगर आपको फिल्मों के अर्थशास्त्र की बेहतर समझ है तो फिल्म स्ट्रेटजिस्ट, काउंसलर, एनालिस्ट के रूप में कॅरियर बना सकते हैं।

फिल्म समीक्षा

समीक्षा में सबसे पहले फिल्म की कहानी को संक्षेप मे बताया जाता है। इससे दर्शक की फिल्म संबंधी मूल जिज्ञासा शांत होती है। यह कुछ उसी तरह है, जैसे आप किसी अजनबी से पहली बार मिलने पर नाम पूछने के बाद ही उसे बात शुरू करते हैं। फिल्मों को बनाने में तकनीक और कल्पना का योग रहता है। फिल्म समीक्षा में फिल्म की निर्माण संबंधी जानकारी दी जाती है। फिल्म समीक्षक के रूप में आपको प्रोडक्शन कंपनी, मीडिया संस्थानों में नौकरी मिल सकती है।

अगर आप भी तकनीकी जगत में काफी सोशल हों और सोशल मीडिया के प्रति आपका लगाव जबरदस्त हो तो आप इस क्षेत्र में कॅरियर संवार सकते हैं। कंपनियां आज 'सोशल मीडिया स्पेशलिस्ट' हायर कर रही हैं, जो सोशल साइट पर प्रोडक्ट की लॉन्चिंग, कंज्यूमर के साथ कम्यूनिकेट और रिसर्च जैसा काम कर सके।

सोशल मीडिया के जुनून को बनाएं अपना भविष्य

आज विश्व की कुल जनसंख्या के लगभग 50 प्रतिशत लोग 30 साल से कम उम्र के हैं, जिनमें से अधिकांश प्रतिदिन अपना कीमती वक्त सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर बिताते हैं।

लिंक्डइन है विकल्प

लिंक्डइन पर मौजूद 50 लाख से ज्यादा यूजर ने अपने प्रोफाइल में खुद को सोशल मीडिया का एक्सपर्ट बताया है, जबकि 2010 से अब तक सोशल मीडिया से जुड़े जॉब में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि इस दिशा में कॅरियर और जॉब्स की कितनी संभावनाएं हैं।

कौन होता है सोशल मीडिया मैनेजर

एक सोशल मीडिया मैनेजर टू वे कम्युनिकेशन का काम करता है। वह इसके लिए सही चैनल तलाशता है, फिर अपने प्रोडक्ट को अर्थपूर्ण योजना के साथ लोगों के सामने पेश करता है। सोशल मीडिया मैनेजर न्यू मीडिया के तहत आता है। यह वेब जर्नलिज्म से ही जुड़ा है। सोशल मीडिया मैनेजर का काम कम शब्दों में प्रभावी ढंग से किसी ब्रांड को प्रस्तुत कर इंटरनेट यूजर को ब्रांड वैल्यू के प्रति आकर्षित करना है। बात इतने पर ही खत्म नहीं हो जाती। सोशल मीडिया मैनेजर ब्रांड के क्राइसिस सॉल्यूशन को भी बेहतर ढंग से सुलझाने में मददगार है यानी सोशल मीडिया मैनेजर का काम कस्टमर एवं क्लाइंट के बीच बेहतर संपर्क स्थापित करना है।

सोशल मीडिया स्ट्रेटेजिस्ट

इसका काम सोशल मीडिया के उस प्रोग्राम का इस्तेमाल करना है, जिसके माध्यम से मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा प्रभावी बनाया जा सके। इसका काम वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करना होता है ताकि वह सोशल मीडिया कैंपेन की सफलता को देख सके। इसके अलावा कंपनी का सोशल मीडिया अकाउंट भी इसी को हैंडिल करना होता है।

सोशल मीडिया सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

इसका काम तमाम क्लाइंट्स को इस बात के लिए तैयार करना कि वो अपने प्रोडक्ट का प्रमोशन और विज्ञापन सोशल मीडिया के माध्यम से करें। इसका अर्थ ये हुआ कि सोशल मीडिया मार्केटिंग के बिजनेस से जुड़ी कंपनियों में इनकी आवश्यकता होती है। यही उनके लिए रेवेन्यू लाने का काम करते हैं। इनको अपने क्लाइंट्स को इस बात के लिए भी राजी करना होता है कि सोशल मीडिया पर मार्केटिंग और विज्ञापन करने से उनकी बिक्री में कितना असर पड़ा या कितने लोगों ने उनके ब्रांड को सोशल मीडिया के प्रमोशन से पहचाना है।

बनें तकनीक फ्रेंड्ली

देश-दुनिया में अभी सोशल मीडिया के क्षेत्र में तीन तरह की नौकरियां मिलती हैं। इन तीनों ही तरह की नौकरियों के लिए आपमें अलग तरह की योग्यता और खास क्षमताएं होनी जरूरी हैं। खासतौर पर आप फेसबुक और ट्विटर जैसी साइट पर अच्छे से काम कर सकते हों ताकि जिस कंपनी के लिए काम करने जाएं वहां की ब्रॉन्ड प्रमोशन, प्रोडक्ट लांच आदि काम को अच्छे से कर सकें। चूंकि यह क्षेत्र काफी नया है, इसलिए इससे संबंधित पढ़ाई बहुत कम संस्थान ही करा रहे हैं। आइए जानते हैं किस पोस्ट के हिसाब से क्या शैक्षिक योग्यता जरूरी है।

कोर्स भी चला रहे संस्थान

सोशल मीडिया के क्षेत्र में नौकरियों की बढ़ती मांग को देखते हुए बहुत से संस्थानों ने इसके लिए बाकायदा अलग से कोर्स भी शुरू किए हैं। हाल में इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने वैट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर इंडिया का पहला सोशल मीडिया कोर्स शुरू किया है। किसी भी सोशल नेटवर्किंग साइट पर किसी ब्रांड की प्रस्तुति सोशल मीडिया यूजर के दिमाग पर पॉजिटिव एवं नेगेटिव, दोनों ही प्रभाव छोड़ सकती है। ऐसे में किसी ब्रांड के पॉजिटिव प्रभाव के लिए सही प्रस्तुति अहम होती है, जिसे सही तरीके से उस साइट पर एक निपुण व अनुभवी सोशल मीडिया मैनेजर ही प्रस्तुत कर सकता है।

आईआईएम और आईएसबी भी हैं

मार्केट में सोशल मीडिया स्पेशलिस्ट की बढ़ती डिमांड को देखते हुए ही आईआईएम और आईएसबी जैसे बिजनेस स्कूल सोशल मीडिया पर कोर्स तैयार कर रही है। वहीं एनआईआईटी एम्पेरिया ने सोशल मीडिया मार्केटिंग पर एडवांस्ड प्रोग्राम की शुरुआत की है।

आपको तलाशता है ब्रांड

फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट्स का नाम हर किसी के जेहन में रहता है। इसके अलावा लिंक्डइन को व्यावसायिक दृष्टि से बेहतर माना जाता है। आप इनमें से किसी भी साइट पर जाएंगे तो अधिकांश ब्रांड दिख जाएंगे। सोशल साइट्स पर कंपनियां एवं ब्रांड्स इन ब्रांड्स का प्रभावी एवं औपचारिक तरीकों से जिस तरह प्रमोशन कर रही हैं, उनके पीछे सोशल मीडिया मैनेजर का ही सबसे अहम रोल होता है।

कहां-कहां नौकरी के लिए हैं मौके

सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिस तेजी से बढ़ा है, उसी तेजी से इसके विशेषज्ञों की मांग भी बढ़ रही है। कई ऐसे नए कॅरियर विकसित हो गए हैं, जिनसे बड़े स्तर पर लोग अभी भी अनजान हैं। सोशल मीडिया में विशेषज्ञता रखने वाले कर्मियों के लिए गूगल, फेसबुक, लिंक्डइन व ट्विटर के अलावा विभिन्न मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों और आईटी क्षेत्र में काम करने के अच्छे मौके हैं।

स्वामी मुद्रक, प्रकाशक सम्पादक कृष्णा टेकड़ीवाल द्वारा डिजिटल अखबार कंकड़बाग पटना से प्रकाशित। समाचार पत्र में किसी भी समाचार व लेख-आलेख पर सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।
किसी भी वाद-विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना ही रहेगा। मोबाइल- 9801716267